4धन स बहोत सारे मीत बन जात हीं, मुला गरीब जन क ओकर मीत भी तजि जात ह।

5लबार गवाह बगैर सजा पाए नाहीं बची अउर जउन झूठ उगलत रहत ह, छूटइ नाहीं पाई।

6बहोत स लोग सासक क खुस करइ क जतन करत ह अउर हर एक मनइ ओकर मीत बन जावा चाहत हीं, जउन उपहार देत रहत ह।

7निर्धन क सब संबंधी ओहसे कतरात हीं। ओकर मीत ओहसे केतना बचत फिरत हीं, जदपि उ ओन लोगन स मदद बरे बिनती करत हीं तउ पइ भी उ पचे ओकर लगे नाहीं जाइहीं।

8जउन गियान पावत ह उ आपन प्राण स ही प्रीति राखत ह, उ जउन समुझ-बूझ बढ़ावत रहत ह फलत अउर फूलत ह।

9लबार गवाह सजा पाए बिना नाहीं बची, अउर उ, जउन झूठ उगलत रहत ह, ध्वस्त होइ जाइल।

10मूरख धनी नाहीं बनइ चाही। उ अइसे होइ जइसे कउनो दास युवराजन पइ राज करइ।

11बुद्धिमान मनइ सदा साँत रहत ह। जब उ ओन लोगन क छिमा करत ह जउन ओकरे खिलाफ होइँ, तउ ओकर सम्मान अउर भी बढ़ जात ह।

12राजा क किरोध सेर क दहाड़ जइसा अहइ, मुला ओकर कृपा घास पइ ओसे क बूँद स होत ह।

13मूरख पूत आपन बाप बरे बिनासे क लावत ह। अउर एक झगरालू पत्नी हमेसा टपकइ वाला पानी क नाईं अहइ।

14भवन अउ धन-दौलत महतारी बाप स विरासत मँ मिल जात ह। मुला बुद्धिमान पत्नी यहोवा क ओर स धन्न अहइ।

15आलस गहिर घोर नींद देत ह; मुला उ आलसी भूखा मरत ह।

16अइसा मनई जउन आदेसन पइ चलत ह उ आपन जिन्नगी क रच्छा करत ह। मुला जउन आदेसन क उपेच्छा करत ह उ निहचय ही मउत अपनावत ह।

17गरीब पइ किरपा देखाउब यहोवा क उधार देब अहइ, यहोवा ओका, ओकरे इ कामे क प्रतिफल देइ।

18तू आपन पूत क अनुसासित करा अउर ओका सजा द्या, जब उ अनुचित होइ। बस इहइ आसा अहइ। अगर तू अइसा करइ क मना करा, तब तउ तू ओकरे बिनासे मँ ओकर सहायक बनत अहा।

19अगर कउनो मनई क तुरंत किरोध आवइ, ओका एकर कीमत चुकावइ क होइ। अगर तू ओकर रच्छा करत अहा, तउ केतनी ही बार तोहे ओका बचावइ क होइ।

20सुमति पइ धियान द्या अउर सुधार क अपनाइ ल्या तू जेहसे आखीर मँ तू बुद्धिमान बन जा।

21मनई अपने मने मँ का का करइ क सोचत ह; किंतु यहोवा क जोजना पूरा होत ह।

22लोग चाहत हीं मनई बिस्सास जोग्ग अउ सच्चा होइ। एह बरे गरीबी मँ बिस्सास क जोग्ग अउ सच्चा बनके रहब उचित अहइ अइसा मनई स जउन झूटा अउर धनी अहइ।

23यहोवा क भय सच्ची जिन्नगी क राह देखावत ह, एहसे मनई सान्ति पावत ह अउर कस्ट स बचत ह।

24एक आलसी आपन हाथ थारी मँ डालत ह मुला उ ओका मुँहे तलक उठावइ मँ बहोत सुस्ती क अनुभव करत ह।

25ठट्ठा करइवाला मनई क मारा ताकि एक साधारन जन आहसे सीख पाइ। मामूली डाँट डपट ही एक बुद्धिमान मनई बरे काफी होत ह।

26अइसा पूत जउन निन्दा क जोग्ग करम करत ह घरे क अपमान होत ह; उ अइसा होत ह जइसे पूत कउनो आपन बाप स छोरइ अउर घरे स असहाय महतारी क निकारि बाहेर करइ।

27हे मोर पूत अगर अनुसासन पइ धियान देब तजि देब्या, तउ तू गियान क बचनन स भटक जाब्या।

28भ्रस्ट गवाह निआव क सम्मान नाहीं देत ह। अउर दुस्ट क मुँह बुराई क भस्म कर देत ह।

29उ जउन सम्मान नाहीं देत ह सजा पाइ, अउर मूरख जन क पीठ कोड़न खाइ।

20 सराब अउ दाखरस लोगन क काबू मँ नाहीं रहइ देतेन। उ ओनका हल्ला करइवाला अउर सेरवी जतावइ वाला बनावत ह। अउर उ जउन मदमसत होइ जात ह मूरखता क कार्य करत ह।

2राजा क किरोध सेर क दहाड़ क सम्मान होत ह, जउन ओका किरोधित करत ह, प्राण स हाथ धोवत ह।

3झगड़न स दूर रहब मनई क आदर अहइ। मुला मूरख जन तउ सदा झगड़ा करइ बरे तइयार रहत ह।

4मौसम आवइ पइ अदूरदर्सी आलसी हर नाहीं डावत ह, तउ कटनी क समइ उ ताकत रहि जात ह अउर कछू भी नाहीं पावत ह।

5व्यक्ति क सोच गहिर पानी क नाईं होत ह। किंतु समुझदार मनई ओनका बाहेर हींच लेत ह।

6लोग आपन बिस्सास जोग्गता क बहोत ढोल पीटत हीं। मुला बिस्सास क जोग्ग जन क कउन खोज सकत ह?

7धर्मी जन बेकलके क जिन्नगी जिअत ह ओकरे पाछे आवइवाली संतानन धन्न अहइँ।

8जब राजा निआव क सिंहासने पइ विराजत भवा आपन दृस्टि माय स बुराई क फटकि के छाँटत हइ।

9कउन कहि सकत ह, "मइँ आपन हिरदय रखेउँ ह, मइँ बिसुद्ध, अउर पाप रहित हउँ?"

10एन दुइनउँ स, खोट बाटन अउर खोट नापन स यहोवा घिना करत ह।

11बालक भी आपन करमन स जाना जात ह, कि ओकर चालचलन सुद्ध अहइ, या नाहीं।

12यहोवा कान बनाएस ह कि हम सुनी। यहोवा आँखिन बनाएस ह कि हम लखी। यहोवा इ दुइनउँ क एह बरे हमरे बरे बनाएस।

13नींद स पिरेम जिन करा दरिद्र होइ जाब्या; तू जागत रहा तोहरे लगे भरपूर भोजन होइ।

14गाहक बेसहत समइ कहत ह, "अच्छा नाहीं, बहोत मँहग!" मुला जब उ हुआँ स उ दूर चला जात ह आपन खरीद क सेखी बघारत ह।

15कउनो मनई क लगे सोना बहोत बाटइ अउर मणिमाणिक बहोत ढेर अहइँ, मुला अइसे ओंठ जउन बातन गियान क बतावत दुर्लभ रतन होत हीं।

16जउन कउनो अजनबी क ॠण क जमानत देत ह उ आपन ओढ़ना तलक गँवाइ बइठत ह।

17छले स कमाई रोटी मीठ लागत ह पर अंत मँ ओकर मुँह काँकरे स भरि जात ह।

18सबइ जोजना स पहिले तू उत्तिम सलाह पाइ लिहा करा। जदि तोहका जुद्ध करब होइ तउ उत्तिम लोगन स अगुवाइ ल्या।

19बकवादी रहस्य क फास कइ देत ह। यह बरे रहस्यमय बातन क बकवादी मनई स जिन कहा।

20कउनो मनई आपन बाप क या आपन महतारी क कोसइ, ओकर दीया बुझ जाइ अउर गहिर अँधियारा होइ जाइ।

21बेइमानी स प्राप्त कीन्ह गवा सम्पत्ति अंत मँ आसीस नाही लाइहीं।

22इ बुराई क बदला मइँ तोहसे लेब। अइसा तू जिन कहा, यहोवा क बाट जोहा तोहका उहइ अजाद करी।

23यहोवा खोटे बटखरन, गलत तराजू अउ पेमाना स घिना करत ह। खोटा माप नीक नाहीं बाटइ।

24यहोवा फैसला करत ह कि हर एक मनई क जिन्नगी मँ का होइ। कउनो मनई कइसा समुझ सकत ह कि ओकरे जिन्नगी मँ का घटइवाला अहइ?

25परमेस्सर क कछू अर्पण करइ क प्रतिग्या स पहिले ही विचार ल्या; भली भाँति विचार ल्या। होइ सकत ह जदि तू पाछे अइसा सोचा, "मइँ उ प्रतिग्या नाहीं करत। किन्तु तोहका उ प्रतिग्या पूरा करइ क होइ जउन तू परमेस्सर स किहा ह।"

26विवेकी राजा इ फैसला करत ह कि कउन बुरा जन अहइ। अउर उ राजा उ जन क सजा देइ।

27यहोवा क दीपक जन क आतिमा क जाँच लेत ह। यहोवा जने क अन्दर तलक लखा सकत ह।

28वफादारी अउर सच्चाइ राजा क सुरच्छित रखत ह। किन्तु ओकर सिहांसन सिरिफ ओकर वफादारी पइ टिकत ह।

29नउजवानन क महिमा ओनके बल स होत ह अउर बृद्धन क गौरव ओनकर पके बाल अहइँ।

30अगर हमका सजा दीन्ह जाइ तउ हम बुरा करब तजि देइत ह। दर्द मनई क परिवर्तन कइ सकत ह।

21 राजा लोगन क मन यहोवा क हाथे होत ह, जहाँ
भी उ चाहत ह ओका मोड़ देत ह वइसे ही जइसे
कउनो किसान पानी क खेते क। 2सबहिं क आपन आपन
राहन उत्तिम लागत हीं; मुला यहोवा तउ मने क तउलत ह।

3तोहार उ करम क करब जउन उचित अउर नेक अहइ यहोवा क जियादा चढ़ावा चढ़ावइ स ग्राह्य बाटइ।

4घमण्डी आँखिन अउ दर्पीला मन पाप अहइँ इ सबइ दुट्ठ क दुट्ठता प्रकास मँ लिआवत हीं।

5परिश्रमी क योजनन फायदा देत हीं इ वइसे ही निहचित अहइ जइसे उतावली स गरीबी आवत ह।

6झूठ बोलि बोलिके कमावा धन दौलत अउ महिमा भाप क नाईं स्थिर नाहीं अहइ। अउर नाहीं अहइ, अउ उ घातक फंदा बन जात ह।

7दुट्ठ क हिंसा ओनका हींच लइ बूड़ी काहेकि उ पचे उचित करम करइ नाहीं चाहतेन।

8अपराधी क मारग कुटिलतापूर्ण होत ह मुला जउन नीक अहइँ ओनकर राह सोझ सच्चा होत हीं।

9झगड़ालू मेहरारू क संग घरे मँ निवास स, छत क कउने कोने पइ रहब नीक अहइ।

10दुट्ठ जन हमेसा बुराइ करइ क इच्छुक रहत ह। ओकर पड़ोसी ओहसे दाया नाहीं पावत।

11जब उच्छृंखल सजा पावत ह तब सरल जन क बुद्धि मिलि जात ह। मुला बुद्धिमान तउ डाँट फटकार करइ पइ ही गियान क पावत ह।

12निआव स पूर्ण परमेस्सर दुट्ठ क घरे पइ आँखी धरत ह, अउर दुट्ठ जन क उ नास कइ देत ह।

13अगर कउनो गरीब क, करुणा पुकार पइ कउनो मनई आपन कान बंद करत ह, तउ जब उ पुकारी तउ ओकर पुकार पइ भी कउनो उत्तर नाहीं दिही।

14गुप्त रूप स दीन्ह गवा भेंट किरोध क सांत करत ह। अउर गुप्त रूप स दीन्ह गवा उपहार खउफनाक किरोध क सांत करत ह।

15निआव जब पूर्ण होत ह धर्मी क सुख देत ह, मुला कुकर्मियन क महा भय होत ह।

16जउन मनई विवेक क पथ स भटकि जात ह, उ विस्राम करइ बरे मृतकन क साथी होइ जात ह।

17जउन सुख भोगन स पिरेम करत रहत ह उ दरिद्र होइ जाइ, अउर जउन दाखरस अउ अतर स पिरेम करत ह कबहुँ धनी नाहीं होइ।

18दुर्जन क कबहुँ ओन सबहिं चिजियन क फल भुगतइ क ही पड़ी, जउन सज्जन क खिलाफ करत हीं। बेईमान लोगन क ओनके किए गए क फल भुगतइ पड़ी जउन ईमानदार लोगन क विरुद्ध करत हीं।

19चिड़चिड़ी झगड़ालू मेहरारू क संग रहइ स रेतिस्तान मँ रहब उचित अहइ।

20विवेकी क घर मँ मनचाहा खइया क अउर इफरात तेल क भंडारा भरा होत ह मुला मूरख मनई जउन ओकरे लगे होत ह चट कइ जात ह।

21जउन जन नेकी अउ पिरेम क पालन करत ह, उ जिन्नगी संपन्नता अउर समादर क पावत ह।

22बुद्धिमान जन क कछू भी कठिन नाहीं अहइ। उ अइसे सहर पइ चढ़ाई कइ सकत ह जेकर रखवारी सूरवीर करत होइँ, उ उ परकोटे क ध्वस्त कइ सकत ह जेकरे बरे उ आपन सुरच्छा क बिस्सास मँ रहेन।

23उ जउन आपन मुँह क अउर आपन जीभ क बस मँ राखत ह उ आपन आप क बिपत्ति स बचावत ह।

24अइसा मनई अहंकारी होत ह, जउन आपन क औरन स स्रेस्ठ समुझत ह, ओकर नाउँ हीं "अभिमानी" होत ह। आपन ही करमन स उ देखाइ देत ह कि उ दुट्ठ होत ह।

25आलसी मनई बरे ओकर ही सबइ लालसा ओकरे मरण क कारण बन जात हीं काहेकि ओकरे हाथे करम क नाहीं अपनउतेन।

26कछू लालची लोग दिन भइ इच्छा करत ही कि ओका अउर मिलाइ। अउर किन्तु धर्मी जन तउ उदारता स देत ह।

27दुट्ठ क चढ़ावा यूँ ही घिना स पूर्ण होत ह फिन केतना बुरा होइ जब उ ओका बुरे भाव स चढ़ावइ?

28लबार गवाह क नास होइ जाइ अउर जउन ओकर
झूठी बातन क सुनी उ भी ओकरे संग हमेसा सर्वदा बरे
नस्ट होइ जाइ।
29दुट्ठ मनई बुरा करइ बर ठान लेत ह। किन्तु एक
ईमानदार व्यक्ति जानत ह कि ओकर राह सीधी अहइ।
30जदि यहोवा न चाहइ तउ, न ही कउनो बुद्धि अउर न
ही कउनो अन्तदृस्टि, न ही कउनो जोजनन पूरी होइ सकत
ह।
31जुद्ध क दिन तउ घोड़ा तैयार कीन्ह ह, मुला विजय
तउ बस यहोवा पइ निर्भर अहइ।

22 अच्छा नाउँ अपार धन पावइ स जोग्ग अहइ।
चाँदी, सोना स, तारीफ क पात्र होब जियादा उत्तिम
अहइ।
2धनियन मँ अउर निर्धनन मँ इ एक समता अहइ। यहोवा
ही एन सबहिं क सिरजनहार अहइ।
3कुसल जन जब कउनो विपत्ति क लखत ह, ओका
बचइ बरे एहर ओहर होइ जात ह मुला मूरख उहइ राहे पइ
बढ़त ही जात ह। अउर उ एकरे बरे दुःख ही उठत ह।
4जब मनई विनम्र होत ह अउ यहोवा क भय करत ह उ
धन-दौलत, आदर अउर जिन्नगी पाइही।
5कुटिल क राहन काँटन स भरी होत ह अउर हुआँ पइ
फंदन फइला होत ही; मुला जउन आतिमा क रच्छा करत ह
उ तउ ओनसे दूर ही रहत ह।
6बच्चन क जबकि उ छोटा अहइ जिन्नगी क नीक राह
क सिच्छा दइ। तउ उ बुढ़ापा मँ भी ओहसे भटकी नाहीं।
7धनी दरिद्रन पइ सासन करत हीं। उधार लेइवाला, देइवाल
क दास होत ह।
8अइसा मनई जउन दुट्ठता क बीज बोवत ह उ तउ
संकट क फसल काटी; अउर ओकर किरोध क लाठी नस्ट
होइ जाइ।
9उदार मने क मनई खुद ही धन्न होइ, काहेकि उ आपन
भोजन गरीब जने क संग बाँटिके खात ह।
10गुस्ताख मनई जउन कि कउनो क सम्मान नाहीं देत ह
क दूर करा तउ कलह दूर होइ। एहसे झगड़ा अउ अपमान
मिट जात हीं।
11उ जउन पवित्तर मने स पिरेम करत ह अउर जेकर
वाणी मनोरम होत ह ओकर तउ राजा भी मीत बन जात ह।
12यहोवा सदा विवेक क धियान राखत ह; मुला उ
बिस्सासघाती क कार्य क नास करत ह।
13काम नाहीं करइ क बहाना बनावत भवा आलसी कहत
ह, "बाहेर सेर बइठा अहइ, "होइ सकत ह कि गलियन मँ
मोका मार डावा जाइ।"
14बिभिचार क पाप गहिर गढ़ा क नाईं अहइ। यहोवा
ओहसे बहोतइ कोहाइ जाइ जउन भी इ मँ गिरी।
15लरिकन सैतानी करत रहत हीं; मुला अनुसासन क छड़ी
ही सैतानी दूर कइ देत ह।
16अइसा मनई जउन आपन धन बढ़ावइ बरे गरीब पइ
अत्याचार करत ह; अउर उ, जउन धनी क उपहार देत ह,
दुइनउँ ही अइसे जन अहइ जउन निर्धन होइ जात हीं।

तीस विवेक स भरी कहावतन

17बुद्धिमान क कहावतन सुना अउर धियान द्या। ओह
पइ धियान लगावा जउन मइँ सिखावत हउँ। 18अगर तू
ओनका आपन मने मँ बसाइ ल्या तउ बहोत नीक होइ; तू
ओनका हरदम आपन ओंठन पइ तैयार राखा। 19मइँ तोहका
आजु सिच्छा देत हउँ ताकि तोहार यहोवा पइ बिस्सास पैदा
होइ। 20इ सबइ तीस सीखन मइँ तोहरे बरे रचेउँ, इ सबइ
बचन सम्मति अउर गियान क अहइँ। 21उ सबइ बचन जउन
महत्वपूर्ण होतिन, इ सबइ सत्य बचन तोहका सिखइहीं ताकि
तू ओका उचित जवाब दइ सका, जउन तोहका पठएस ह।

-1-

22तू गरीब क सोसण जिन करा। एह बरे कि उ पचे बस
दरिद्र अहइँ; अउर कंगाले क कचहरी मँ जिन हीचा।
23काहेकि परमेस्सर ओनकर सुनवाई करी अउर जउन
ओनका लूटेन ह उ ओनका लूट लेइ।

-2-

24तू किरोधी सुभाव क मनइयन क संग कबहुँ मिताई
जिन करा अउर ओकरे संग, आपन क जिन जोड़ा जेका
हाली किरोध आइ जात ह। 25नाहीं तउ तू भी ओकरे राहे
चालब्या अउर आपन क जालि मँ फँसाइ बइठब्या।

-3-

26तू कउनो दूसर क कर्ज बरे जमानतदार नाहीं बना।
27जदि ओका चुकावइ मँ तोहार साधन चुकिही तउ खाले क
बिस्तर तलक तोहसे छोर लीन्ह जाइ।

-4-

28तोहरे धरती क सम्पत्ति जेकर चउहद्दिन तोहार पुरखन
निर्धारित किहन उस सीमा रेखा कबहुँ भी जिन हिलावा।

-5-

29अगर कउनो मनई आपन कारज मँ कुसल अहइ, तउ
उ राजा लोगन क सेवा करइ क जोग्ग अहइ। अइसे
मनइयन बरे जेनकर कछू महत्व नाहीं ओका काम करइ क
जरूरत नाही अहइ।

-6-

23 जब तू कउनो अधिकारी क संग खइया क बरे
बइठा तउ एकर धियान राखा, कि कउन तोहरे
समन्वा अहइ। 2अगर तू पेटू अहा तउ खाना पइ नियंत्रण
राखा। 3ओकरे स्वादिस्ट पकवानन क लालसा जिन करा
काहेकि उ खइया धोका बाज़ अहइ।

-7-

4धनवान बनइ क काम कइ कइके आपने क जिन
थकावा। तू संयम देखावइ क, बुद्धि अपनाइ ल्या। 5इ सबइ
धन सम्पत्तियन लखत हीं लखत लुप्त होइ जइहीं निहचय ही
आपन पंखन क फइलाइके उ पचे गरूड़ क नाईं अकासे मँ
उड़ि जइहीं।

-8-

6अइसे मनई क संग जउन स्वार्थी अहइ भोजन जिन
करा। तू ओकरे स्वादिस्ट पकवाने क लालसा जिन करा।
7काहेकि उ अइसा मनई अहइ जउन मन मँ हरदम
ओकरी कीमत क हिंसाब लगावत रहत ह; तोहसे तउ उ
कहत ह- "तू खा अउर पिआ" मुला उ मने स तोहरे संग
नाहीं अहइ।
8जउन कछू थोड़ा बहोत तू ओकर खाइ चुका अहा,
तोहका तउ उ भी उलटइ पड़ी अउर उ पचे तोहार कहे भए
आदर स पूर्ण वचन बियर्थ चला जइहीं।

-9-

9तू मूरख क संग बातचीत जिन करा, काहेकि उ तोहरे
विवेक स भरे वचनन स घिना ही करी।

-10-

10पुराने जमाने क सीमा क पत्थर क जिन सरका। अउर
अनाथे क भुइयाँ क जिन हड़पा। 11काहेकि ओनकर
संरच्छक सामरथ स पूरा अहइ, तोहरे खिलाफ ओनकर
मुकदमा उ लड़ी।

-11-

12तू आपन मन सीख क बातन मँ लगावा। तू गियान स
भरे बचनन पइ कान द्या।

-12-

13तू कउनो गदेला क अनुसासित करइ मँ कबहुँ जिन
रोका अगर तू कबहुँ ओका छड़ी स सजा देब्या तउ उ एहसे
नाही मरी।
14तू छड़ी स पीटिके ओका अउर ओकर जिन्नगी क
मउत स बचाइ लेब्या।

-13-

15हे मोर पूत, जदि तोहार मन विवेक स पूर्ण रहत ह तउ
मोर मन भी आनंद स पूर्ण रही। 16अउर जदि तोहार ओंठ
उचित बोलत हीं, तउ मइँ बहोत खुस होब्या।

-14-

17तू आपन मने मँ भी पापे स भरा मनइयन क बरे जलन
जिन करा। मुला तू एकर बजाए यहोवा स सदा डरा। 18तउ
तोहार लगे भविस्य होई, अउर तोहार आसा कबहुँ ध्वस्त
नाहीं होई।

-15-

19मोर पूत सुना! अउर विवेकी बनि जा अउर आपन मन
क नेकी क राहे पइ चलावा। 20तू ओनके संग जिन रहा
जउन पियक्कड़ अहइँ, अथवा अइसे, जउन ठूँस ठूँस गोस
खात हीं।
21काहेकि इ पचे पियक्कड़ अउर इ सबइ पेटू दलिद्र होइ
जइहीं, अउर इ ओनकर खुमारी, ओनका चिथड़न पहिरइहीं।

-16-

22आपन बाप क सुना जउन तोहका जिन्नगी दिहेस ह,
अपनी महतारी क निरादर जिन करा जब उ बुढ़िया होइ जाइ।
23सच्चाई क खरीद ल्या अउर ओका जिन बेचा। अइसे ही
विवेक, अनुसासन अउ समुझ क भी खरीद ल्या। 24नेक पूत
क बाप महा आनंद मँ रहत अउर जेकर पूत विवेक स पूर्ण
होत ह उ तउ ओहमाँ ही खुस रहत ह। 25तोहार महतारी
अउ तोहार बाप क आनंद प्राप्त होइ अउर तोहार महतारी
जउन तोहका जन्म दिहस, ओका खुसी मिलत रहइ।

-17-

26मोर पूत, मोहमाँ मन लगावा अउर तोहार आँखिन मोह
पइ टिकी रहइँ। मोका आदर्स माना। 27एक वेस्या गहिर
गड़हा होत ह। अउर एक बदकार मेहरारु मुसीबत स भरा
कुआँ अहइ। 28उ घात मँ रहत ह जइसे कउनो डाकू अउर
उ लोगन मँ बिस्सास हीनन क संख्या बढ़ावत ह।

-18-

29कउन बिपत्ति मँ अहइ? कउन दुःखे मँ पड़ा अहइ?
कउन झगड़न-टंटन मँ अहइ? कउने क सिकाइतन अहइँ?
कउन क घाव अहइ? केकर आँखिन लाल अहइँ? 30उ पचे
जउन लगातार दाखरस पिअत रहत हीं अउर जेनमाँ मसाला
मिली भइ दाखरस क ललक होत ह।
31जब दाखरस लाल होइ, अउर पिआलन मँ झिलमिलात
होइ अउ धीरे धीरे डावत जात होइ, ओका ललचाही आँखिन
स जिन लखा। 32सर्प क समान उ डसत, आखीर मँ जहर
भरि देत ह जइसे नाग भरि देत ह।
33तोहरी आँखिन मँ अजीब दृस्य तैरइ लगिहीं, तोहार मन
उल्टी-सोझ बातन मँ उलझी। 34तू अइसा होइ जाइ, जइसे
उफनत सागरे पइ सोवत रहत होइ अउर जइसे मस्तूल क
सिखर ओलरा होइ। 35तू कहब्या, "उ पचे मोका मारेन पर
मोका तउ दर्द क अनुभव नाहीं हुआ। उ पचे मोका पीटेन,
पर मोका याद ही नाहीं मइँ उठी क लायक नाहीं हउँ, मोका
पिअइ क अउर द्या।"

-19-

24 बुरे जन स तू कबहुँ डाह जिन करा। ओनकर
संगत क तू चाहत जिन करा। 2काहेकि ओनके
मन हिंसा क योजनन रचत अउर ओनकर ओंठ दुःख देइ क
बातन करत हीं।

-20-

3बुद्धि स घरे क निर्माण होइ जात ह, अउर समुझ स
ही उ थिर रहत ह। 4गियान क जरिये ओकर कमरा अद्भुत
अउर सुन्नर खजानन स भरि जात हीं!

-21-

5बुद्धिमान जन मँ महासक्ती होत ह अउर गियानी पुरूख
सक्ती क बढ़ावत ह। 6जुद्ध लड़इ बरे परामर्स चाही अउर
विजय पावइ बरे बहोत स सलाहकार।

-22-

7मूरख बुद्धि क नाहीं समुझत जब महत्व स पूर्ण बातन
क चर्चा करत हीं तउ मूरख समुझ नाहीं पावत।

-23-

8सड्यंत्रकारी उहइ कहवावत ह, जउन बुरी योजनन
बनावत रहत ह। **9**मूरख क योजनन पापी अहइ अउर
घमण्डी निन्दक जन क लोग तजि देत हीं।

-24-

10अगर तू बिपत्ति मँ हिम्मत छोड़ बइठब्या, तउ तोहार
सक्ती केतनी थोड़ स अहइ।

-25-

11जदि कउनो क हत्तिया क कउनो सड्यंत्र रचइ तउ
ओका बचावइ क तोहका जतन करइ चाही। **12**तू अइसा
नाहीं कहि सकत्या, "मोका एहसे का लेब।" यहोवा सब कछू
जानत ह अउर इ भी उ जानत ह कि तू काहे काम करत
अहा? यहोवा तोहका लखत रहत ह। उ तोहरे भीतर क
जानत ह अउर उ हर एक क ओकर करमन क अनुसार
प्रतिफल देत ह।

-26-

13हे मोर पूत, तू सहद खावा करा काहेकि उ उत्तिम
अहइ। इ तोहका मीठ लागी। **14**इहइ तरह इ तू भी जान
ल्या कि आतिमा क तोहार बुद्धि मीठ लागी, अगर तू एका
पउब्या तउ ओहमाँ निहित बाटइ तोहरी भविस्स क आसा
अउर उ तोहार आसा कबहुँ भंग नाहीं होइ।

-27-

15धर्मी मनई क घरे क विरोध मँ लुटेरा क नाईं घात मँ
जिन बइठा अउर ओकरे निवासे पइ जिन छापा मारा।
16काहेकि एक नेक चाहे सात दाईं गिरइ, फुन भी उठि
बइठी। मुला दुट्ठ जन विपत्ति मँ बूड़ि जात ह।

-28-

17सत्रु क पत्तन पइ आनन्द जिन करा। जब ओका
ठोकर लागइ, तउ आपन मन खुस जिन होइ द्या। **18**अगर
तू अइसा करब्या, तउ यहोवा लखी अउर उ तोहसे खुस
नाहीं होइ, अउर उ तोहार दुस्मन पइ कोहाइ तजि देब।

-29-

19तू दुर्जनन क संग कबहुँ जलन जिन राखा, ओन लोगन
क कारण किरोधित जिन होवा। **20**काहेकि दुट्ठ जन क
कउनो भविस्स नाहीं अहइ। दुट्ठ जन क दीया बुझाइ दीन्ह
जाइ।

-30-

21हे मोर पूत, यहोवा स अउर राजा स डरा विद्रोहियन क
संग कबहुँ जिन मिला। **22**काहेकि उ पचे दुइनउँ अचानक
नास ढाइ देइहीं ओन पइ; अउर कउन जानत ह केतनी
खउफनाक विपत्तियन उ पचे पठइ देइँ।

कछू दूसर सूक्तियन

23इ सबइ सूक्तियन बुद्धिमान जनन क अहइँ:
निआव मँ पच्छपात करब उचित नाहीं अहइ। **24**अइसा
जन जउन अपराधी स कहत ह, "तू निरपराध अहा" लोग
ओका कोसिहीं अउर जातियन तजि देइहीं। **25**मुला जउन
अपराधी क सजा देइहीं, सबहिं जन ओनसे खुस होइहीं अउर
ओन पइ असीर्वाद क बर्खा होइ।

26निर्मल जवाबे स मन खुस होत ह, जइसे ओठंन पइ
चुम्बन अंकित कइ देइ।

27पहिले बाहेर खेतन क काम पूरा कइ ल्या एकरे पाछे तू
आपन घर बनावा।

28आपन पड़ोसी क विरूद्ध बगैर कउनो कारण गवाही
जिन द्या, या तू आपन वाणी क कउनो क छलइ मँ जिन
प्रयोग करा।

29जिन कहा अइसा, "ओकरे संग भी मइँ ठीक वइसा ही
करब, मोरे संग जइसा उ किहेस ह।"

30मइँ आलसी व्यक्ति क खेते स निर्बुद्धि व्यक्ति क
अंगुर क खेत स होत भए गुजरउँ। **31**कंटीरी झाड़ियन
निकरि आइ रहिन हर कहूँ खरपतवारे स खेत ढकि गवा
रहा। अउर बाड़ पाथर क खंडहर होत रही। **32**जउन कछू
मइँ लखेउँ, ओहसे मोका एक सीख मिली। **33**जरा एक
झपकी, अउर तनिक स नींद, थोड़ा स सुस्ताब, धरिके हाथन
पइ हाथ (दलिद्रता क बोलाउब अहइ) **34**उ तोह पइ टूट
पड़ी जइसे कउनो लुटेरा टूट पड़त ह, अउर अभाव तोह पइ
टूट पड़ी जइसे कउनो सस्त्रधारी टूट पड़त ह।

सुलैमान क कछू अउर सूक्तियन

25 इ सबइ भी सुलैमान क कहावतन अहइ: एन
सबइ क यहूदा क राजा हिजकिय्याह क सेवक
लोग जमा किहे रहेन।

2कउनो विसय-वस्तु क रहस्य स पूर्ण राखइ मँ परमेस्सर
क अधिकार अहइ। अउर राजा क कउनो बात पइ निर्णय
करइ स पहिले खोज विचार करइ क अधिकार अहइ।

3जइसे ऊपर अन्तहीन अकास अहइ अउर खाले अटल
धरती अहइ, वइसे ही राजा लोगन क मन होत हीं जेनकर
ओर-छोर क अता पता नाहीं। ओकर थाह लेब कठिन
अहइ।

4जदि तू चाँदी स ओकर मैल हटाउब्या तउ सुनार ओहसे
पात्र बनाइ सकत ह। **5**वइसे ही, जदि तू राजा क समन्वा स
दुट्ठ क दूर करब तउ भलाइ ओकरे सिंहासने क मजबूत
कइ देब।

6राजा क समन्वा आपन बड़ाई जिन बखाना अउर
महापुरूखन क बीच ठउर जिन चाहा। **7**काहेकि उत्तिम इ
होइ जदि राजा तोहसे कहइ, "आवा हिआँ, आइ जा"
अपेच्छा एकरे कि महापुरुखन क समच्छ तोहार अपमान
कीन्ह जाइ।

8तू कउनो व्यक्ति क जल्दी मँ कचहरी जिन घसीटा।
काहेकि होइ सकत ह कि उ तोहार गलती क पोल खोल
दइ। तउ तू क कहब्या।
9जब तू आपन विरोधी क खिलाफ मँ मुकद्दमा प
वाद-विवाद करत ह तउ दूसर व्यक्ति क राज फास जिन
करा। 10अइसा न होइ जाइ कि कउनो जउन ऍका सुनत ह
तोहका लज्जित करइ, तउ तू बदनाम होइ जाइही जेका
कबहुँ मिटाइ नाहीं जाइ।
11उचित अवसर पइ बोला बात अइसा ही अहइ जइसे
चाँदी क तस्त म सुनहरा सेब। 12बुद्धिमान मनई क कान बरे
झिड़की सोना क बाली क नाईं अहइ।
13एक बिस्सास क जोग्ग दूत, जउन ओका पठवत हीं
ओनके बरे फसल कटनी क समइ क ठंडी बयार क जइसे
होत ह। उ आपन स्वामी क आतिम क ताजा कर देत ह।
14उ मनई बर्खा रहित बादरन अउर पवन क जइसा होत
ह, जउन कछू देइ क वचन देत ह किन्तु एका देइ नाहीं
चाहत ह।
15धीरा स पूर्ण बातन स राजा तलक मनावा जात हीं अउर
नम्र वाणी हाड़ तलक तोरि सकत ह।
16जदपि सहद बहोत उत्तिम अहइ, पर तउ भी तू बहोत
जियादा जिन खा। अउर जदि तू जियादा खाब्या, तउ उल्टी
आइ जाइ अउर तू रोगी होइ जाब्या। 17वइसे ही तू पड़ोसी
क घरे मँ बार-बार गोड़ जिन रखा। वरना उ तोहसे उब जाइ
अउर तोहसे घिना करइ लागी।
18उ मनई, जउन झूटी गवाही आनप साथी क खिलाफ
देत ह उ तउ अहइ हथौड़ा सा या तरवार सा या तीखे बाण
सा। 19बिपत्ति क काल मँ भरोसा बिस्सासघाती पइ होत ह
अइसा जइसे दु:ख देत दाँत या लँगड़ात गोड़।
20जउन कउनो ओकरे समन्वा खुसी क गीत गावत ह
जेकर मन भारी अहइ, तउ उ अइसा ही अहइ जइसा जाड़े
मँ ओकर ओढ़ना उतार लइ या ओकरे फोड़े पइ सिरका
उड़ेलना।
21अगर तोहार दुस्मन कबहुँ भुखान होइ, ओकरे खाइ क
बरे, तू खइया क दइ द्या, अउर जदि उ पिआसा होइ, तउ
ओकरे करे पानी पिअइ क दइ द्या। 22अगर तू अइसा
करब्या उ लज्जित होइ। इ ओकर सिर पइ जलत भवा
कोयला क अंगार रखइ क जइसा होइ। यहोवा तोहका
ओकर प्रतिफल देइ।
23उत्तर क हवा जइसे बर्खा लिआवत ह वइसे ही बेकार
क बातन किरोध क बढ़ावत ह।
24झगड़ालू मेहरारू क संग घरे मँ रहइ स छते क कउनो
कोने पइ रहब उत्तिम अहइ।
25कउनो दूर देस आई कउनो अच्छी खबर अइसी लागत
ह जइसे थके माँदे पिआसे क सीतल जल।
26गाद भरा झरना या कउनो दूसित कुआँ सा होत उ धर्मी
पुरूस जउन कउनो दुट्ठ आगे निहुर जात ह।
27जइसे बहोत जियादा सहद खाब अच्छा नाहीं वइसे
आपन मान बढ़ावइ क जतन करब नीक नाहीं अहइ।
28अइसा जन जेका खुद पइ नियंत्रण नाहीं, तउ उ उ
नगर जइसा अहइ, जेकर देवारन नाही अहइ।

मूरखन क सम्बन्ध मँ विवेक स भरी सूक्तियन

26 जइसे बरफ क गर्मी मँ पड़ब अउर जइसे कटनी
क समइ पइ बर्खा का आउब उपयुक्त नाहीं अहइ
वइसे ही मूरख क मान देब उपयुक्त नाहीं अहइ।
2अगर तू कउनो क कछू बिगाड़्या नाहीं अउर तोहका उ
सराप देइ, तउ उ सराप बियर्थ होइ। ओकर सरापपूर्ण बचन
तोहरे ऊपरि स यूँ उड़िके निकरि जाइ जइसे चंचल चिरइया
जउन टिकिके नाही बइठत।
3जइसे घोड़े क चाबुक अहइ अउर खच्चर लगाम स
काबू होत ह अइसे ही मूरख बरे डंडा अहइ।
4मूरख क ओकर मूरखता क अनुसार जवाब जिन द्या
नाहीं तउ तू भी खुद मूरख सा देखब्या। 5तउ मूरख क मूरख
वाला जवाब द्या नाहीं तउ उ आपन ही आँखिन मँ
बुद्धिमान बन बइठी।
6मूरख क हाथन सँदेसा पठउब वइसा ही होत ह जइसे
आपन ही गोड़न पइ कुल्हाड़ी मारब। इ बिपत्ति क बोलाउब
क नाईं अहइ।
7कउनो मूरख क कहावत कहइ क जतन करइ वइसा
ही अहइ जइसे कउनो लँगड़े क आपन लँगाड़ा गोड़ पइ
चलइ क जतन करब।
8मूरख क सम्मान देब वइसा ही होत ह जइसे कउनो
गुलेल मँ पाथर राखब।
9मूरख क मुँहे मँ सूक्ति अइसी होत ह जइसे सराबी क
होथे मँ काँटेदार झाड़ी होइ।
10कउनो मूरख क या कउनो अनजाने मनई क काम पइ
लगाउब खतरनाक होइ सकत ह। तू नाही जानत्या कि केका
दु:ख पहोंची।
11जइसे कउनो कूकुर खाइके बेराम होइ जात ह अउर
उल्टी कइके फुन ओका खात ह वइसे ही मूरख आपन
मूरखता बार-बार दोहरावत ह।
12उ मनई जउन आपन क बुद्धिमान मानत ह, मुला होत
नाही ह तउ उ कउनो मूरख स भी बुरा होत ह। ओकर बरे
कउनो आसा नाहीं अहइ।

आलसी लोगन बरे कहावतन

13आलसी चिचियात रहत ह, काम नाहीं करइ क बहाने
कबहुँ उ कहत ह सड़क पइ सेर बाटइ।
14जइसे आपन चूड़ी पइ चलत रहत ह किवाड़। वइसे ही
आलसी बिस्तर पइ आपन ही करवटन बदलत ह।
15आलसी आपन हाथ थारी मँ डावत ह मुला ओकर
आलस, ओकरे आपन ही मुँहे तलक ओका खइयाके नाहीं
लिआवइ देत।
16आलसी मनई, निज क मानत ह महाबुद्धिमान। सातउँ
गियानी पुरुखन स भी बुद्धिमान।
17अइसे राही जउन दूसरन क झगड़न मँ टाँग अड़ावत ह
जइसे कूकुर पइ काबू पावइ बरे कउनो ओकर कान धरइ।
18-19कउनो मनई जउन आपन पड़ोसी क छलत ह अउर
तउ कहत ह: मइँ तउ बस यूँ ही मजाक करत रहेउँ। वइसा
ही अहइ जइसे कउनो पागल घातक तीर फेंकत ह अउर
कउनो क मार देत ह।

20जइसे ईंधन बगैर आग बुझि जात ह वइसे ही कानाफूसी क बिना झगड़े मिटि जात हीं।

21कोयला अंगारन क अउर आगी क लपट क काठ जइसे भड़कावत ह, वइसे ही झगड़ालू झगड़न क भड़कावत ह।

22कानाफूसी करइ वाला क सब्दन वइसा ही सुआदिस्ट अहइ जइसा कि उ भोजन जउन आसानी स लोगन क पेट मँ उतरत चला जात ह।

23दुट्ठ मनवाले क चिकनी चुपड़ी बातन होत हीं अइसी, जइसे माटी क बर्तन पइ चिपके चाँदी क बर्क। 24घिना स पूर्ण मनई आपन मीठ वाणी स घिना क ढाँपत ह। किंतु आपन हिरदय मँ उ छले क पालत ह। 25ओकर मोहक वाणी स ओकर भरोसा जिन करा, काहेकि ओकरे मने मँ घिना स भरी बातन समाई अहइँ। 26छले स कउनो क घिना चाहे छुप जाइ मुला ओकर दुट्ठता सभा क बीच परगट हो जाइ।

27अगर कउनो गड़हा खोदत ह कउनो क बरे तउ उ खुद ही ओहमाँ गिरी सकत ह; अगर कउनो मनई कउनो पाथर क कउनो पइ लुढ़कावत जतन करत ह तउ उ उहइ पाथर स कुचला जाइ सकत ह।

28अइसा मनई जउन झूठ बोलत ह, ओनसे घिना करत ह जेनका नोस्कान पहोंचावत अउर चापलूस खुद क नास करत ह।

27 भविस्य क बरे सेखी जिन बघाड़ा। कउन जानत ह कि आगे का घटइ।

2आपन ही मुँहे स आपन बड़कई जिन करा दूसरन क तोहार तारीफ करइ द्या।

3कठिन अहइ पाथर ढोउब, अउर ढोउब रेत क, मुला इन दुइनउँ स कहूँ जियादा कठिन अहइ मूरख क जरिये उपजावा भवा कस्ट।

4किरोध क्रूर होत ह। प्रकोप बाढ़ क नाईं अहइ मुला जलन बहोत ही घातक अहइ।

5छुपे भए पिरेम स, खुली घुड़की उत्तिम अहइ।

6दोस्त क तमाचा पइ विस्सास कइ जा सकत ह कि तोहार मदद कइ सकत ह। किन्तु दुस्मन तोहार संग दाया करइ क बहाना बनावत ह। उ तोहका नोस्कान पहोंचाही।

7पेट भरि जाए पइ सहद भी नाहीं भावत मुला भुखिया मँ तउ हर चीज भावत ह।

8आपन घर स दूर भटकत भवा मनई अइसा अहइ जइसे कउनो चिरइया आपन घोंसला स दूर भटकत ह।

9इत्र अउर सुगंधित धूप मने क आनन्द स भरि देत हीं अउर मीत क सच्ची सम्मति स मन उल्लासे स भरि जात ह। 10आपन मीत क जिन बिसरा न ही आपन बाप क मीत क। अउर बिपत्ति मँ मदद बरे दूर आपन भाई क घरे जिन जा। दूर क भाई स पास क पड़ोसी नीक बा।

11हे मोर पूत, तू बुद्धिमान बन जा अउर मोर मन आनन्द स भरि द्या। ताकि मोरे निन्दा करइ वाला क मइँ जवाब दइ सकउँ। 12बिपत्ति क आवत लखिके बुद्धिमान जन दूर हट जात हीं किंतु मूरख जन बगैर राह बदले चलत रहत हीं अउर फँस जात हीं।

13जउन कउनो पराए मनई क जमानत भरत ह ओका आपन ओढ़ना भी खोवइ पड़ी।

14ऊँच सुरे मँ 'सुप्रभात' कहिके अलख भिंसारे आपन पड़ोसी क जिन जगाया करा। उ एक सराप क रूप मँ झेली आसीर्वाद मँ नाहीं।

15झगड़ालू मेहरारू अइसी होत ह जइसी बर्खा क दिनन मँ लगातार टपकइ वाला बर्खा।

16ओका रोकब वइसा ही होत ह जइसे कउनो हवा क रोकइ क बेकार जतन करत ह या मूठी मँ तेल क धरइ क जतन करत ह।

17जइसे लोहे स लोहा धार धरत ह, वइसे ही एक व्यक्ति दूसर व्यक्ति स सीखत ह।

18जउन कउनो अंजीरे क बृच्छ सींचत ह, उ ओकर फल खात ह। वइसे ही जउन आपन सुआमी क सेवा करत ह, उ आदर पाइ लेत ह।

19जइसे जल मुखड़ा क प्रतिबिंबित करत ह, वइसे ही हिरदय मनई क प्रतिबिंबित करत ह।

20मउत अउ कबर कबहुँ तृप्त नाहीं अइसा ही मनई क आँखिन भी तृप्त नाही होत ह।

21चाँदी अउ सोना क भट्ठी-कुठाली मँ परख लीन्ह जात ह। वइसे ही मनई उ तारीफ स परखा जात ह जउन उ पावत ह।

22तू कउनो मूरख क चूना मँ पीसिके चाहे जेतना महीन करा अउर ओका पीसिके अनाज जइसा बनाइ द्या ओकर चूरन मुला ओकरी मूरखता क, कबहुँ भी ओहसे दूर न कइ पउब्या।

23आपन रेवड़ क हानत तोहका निहचित ही जानइ चाही। आपन रेवड़ क धियान स देखरेख करा। 24काहेकि धन-दौलत तउ टिकाऊ नाहीं होतेन। इ राजमकुट पीढ़ी-पीढ़ी तलक बना नाही रहत ह। 25जब चारा कट जात ह, तउ नवी घास उग आवत ह। उ घास पहाड़ियन पइ स फुन बटोर लीन्ह जात ह। 26मेमनन क ऊन काट ल्या अउर ओढ़ना बना ल्या बोकरियन क खेतन खरीदइ बरे बेच ल्या। 27तोहरे परिवार क, तोहरे दास दासियन क अउर तोहरे आपन बरे भरपूर बोकरी क दूध होइ।

28 दुट्ठ क मने मँ सदा भय समाया रहत ह अउर जब कउनो पाछा नाहीं करत ह तउ भी भागत फिरत ह। किन्तु एक धर्मी जन क सदा निर्भय रहत ह वइसे होइ जइसे सेर निर्भय रहत ह।

2देस मँ जब पाप ही पाप होइ तउ उ देस क सासक लम्बी समइ बरे सासन नाहीं करब्या। अइसा मनई ही देस क स्थिर रखत ह अउर लम्बी समइ तलक सासन करब्या।

3उ राजा जउन गरीबे क दबावत ह, उ बर्खा क बाढ़ सा होत ह जउन फसल नाहीं छोड़त।

4जउन व्यवस्था क विधाने क तजि देत हीं, दुट्ठन क तारीफ करत हीं, मुला जउन व्यवस्था क विधान क पालन करत हीं ओनकर विरोध मँ लड़ाइ करत हीं।

5दुट्ठ जन निआव क नाहीं समुझत हीं। मुला जउन यहोवा क खोज मँ रहत हीं, ओका पूरी तरह जानत हीं।

6उ निर्धन जेकर राह खरी अहइ उ धनी मनई स जेकर राह दुट्ठ अहइ उत्तिम अहइ।

7विवेकी पूत व्यवस्था क विधानन क पालन करत ह। मुला जउन वियर्थ दोस्तन क साथी बनत ह, उ आपन बाप क निरादर करत ह।

8उ जउन मोट ब्याज उसूलिके आपन धन बढ़ावत ह, उ तउ इ धन जोरत ह कउनो अइसे दयालु बरे जउन गरीबन पइ दाया करत ह।

9जदि कउनो व्यक्ति परमेस्सर क सिच्छा पइ कान नाहीं देत तउ परमेस्सर ओनकर पराथना पइ धियान नाहीं देत ह।

10उ तउ आपन ही जालि मँ फँस जाइ जउन सीधे लोगन क बुर मार्गे पइ भटकावत ह। मुला निर्दोस लोगन उत्तिम आसीस पाइ।

11धनी मनई आपन आँखिन मँ बुद्धिमान होइ सकत ह किन्तू गरीब जन जउन बुद्धि होत ह सच्चाई क लखत ह।

12सज्जन जब जीतत हीं, तउ सब खुस होत हीं। मुला जब दुट्ठ क सक्ती मिल जात ह तउ एक भी अइसा मनई क खोज पाउब कठिन अहइ जउन कि खुस अहइ।

13जउन आपन पापन पइ पर्दा डावत ह, उ तउ कबहुँ नाहीं फूलत-फलत ह। मुला जउन आपन दोखन क कबूल करत ह अउर जउन गलत ह ओका तजत ह, उ दाया पावत ह।

14धन्न अहइ, उ पुरुस जउन यहोवा स डेरात ह। मुला जउन आपन जिद्दी अहइ, विपत्ति मँ गिरत ह।

15दुट्ठ सासक जउन असहाय जन पइ सासन करत हीं अइसे अहइ जइसे दहाड़त भवा सेर या झपट भवा रीछ।

16एक अविवेक सासक आपन लोगन पइ अत्याचार करत ह मुला जउन बुरे मारग स आए भए धने स घिना करत ह, लम्बी समइ तलक सासन करब्या।

17कउनो मनई क दूसर क हत्तिया क दोख ठहराया तउ उ मनई क सान्ति नाहीं मिली जब तलक कि उ नाही मरत ह। ओकर मदद जिन करा।

18अगर कउनो निहकलंक होइ तउ उ सुरच्छित अहइ। जदि उ बुरा मनई होइ तउ उ आपन सामरथ खोइ बइठी।

19जउन आपन धरती जोतत-बोवत ह अउर मेहनत करत ह, उसके लगे हमेसा भरपूर खाई क होइ। मुला जउन सदा सपनन मँ खोवा रहत ह, सदा दलिद्र होइ।

20एक इमानदार मनई बहोत सारा आसीस पावत ह। मुला उ मनई जउन हाली धनी बनइ क जतन करत रहत ह; बिना दण्ड क नाहीं बची।

21निर्णय देइ मँ पच्छपात करब अच्छा नाही होत ह। किन्तु कछू लोग तउ सिरिफ रोटी क एक टुकरा बरे अनिआय करब।

22सूम सदा धन पावइ क लालच करत रहत ह अउर नाहीं जानत कि ओकरी ताक मँ दलिद्रता बाटइ।

23उ जउन कउनो जने क सुधारइ क डाँटत ह, उ जियादा पिरेम पावत ह, अपेच्छा ओकरे जउन चापलूसी करत ह।

24कछू लोग होत हीं जउन आपन बाप अउर महतारी स चोरावत हीं। उ कहत ह, "इ बुरा नाहीं अहइ।" इ उ बुरा मनई जइसा अहइ। जउन घरे क भीतर आइके सबहिं चिजियन क तोड़-फोड़ कइ देत ह।

25लालची मनई तउ मतभेद भड़कावत ह, मुला उ मनई जेकर भरोसा यहोवा पइ अहइ फूली-फली।

26मूरख क आपन पइ बहोत भरोसा होत ह। मुला जउन गियान क राहे पइ चलत ह, सुरच्छित रहत ह।

27जउन गरीबन क दान देत रहत ह ओका कउनो बातन क अभाव नाहीं रहत। मुला जउन ओनसें आँखी मूँद लेत ह, उ सराप पावत ह।

28जब कउनो दुट्ठा सक्ती पाइ जात ह तउ सज्जन छुप जाइ क दूर चला जात हीं। मुला जब दुट्ठा जन क बिनास होत ह तउ सज्जनन क बृद्धि परगट होइ लागत ह।

29 जउन बार बार डाँट डपट खाइ क बाद भी उहइ बेउहार करत ह तउ निहचय ही उ अचानक बर्बाद होइ जाइ। ओकर बरे कउनो आसा तलक नाहीं बची।

2जब धर्मी जन क अधिकार पावत ह तउ लोग आनन्द मनावत हीं। जब दुट्ठ सासक बन जात ह तउ लोग कराहत
हीं। 3अइसा जब जउन विवेक स पिरेम राखत ह, बाप क आनन्द पहोंचावत ह। मुला जउन रंडियन क संगत करत ह, आपन धन खोइ देत ह।

4निआव स राजा देस क स्थिरता देत ह। किन्तु राजा जब लालची होत ह तउ लोग आपन काम करवावइ बरे ओका घूस देत हीं। तब देस दुर्बल होइ जात ह।

5जउन अपने साथी क चापलूसी करत ह उ आपन गोड़वन बरे जाल पसारत ह।

6पापी खुद आपन बिछाइ भइ जालि मँ फँसत ह। मुला एक धर्मी गावत अउर खुस रहत ह।

7सज्जन चाहत हीं कि गरीब क निआव मिलइ किन्तु दुट्ठन क ओनकी तनिकउ चिन्ता नाहीं होत ह।

8जउन अइसा सोचत हीं कि हम दूसरन स उत्तिम अही, उ पचे विपत्ति उपजावत अउर सारे सहर क तहस-नहस कइ देत हीं। मुला जउन जन बुद्धिमान होत हीं, सान्ति क कायम करत हीं।

9बुद्धिमान जन जदि मूरख क साथ मँ वाद-विवाद सुलझावइ चाहत ह, तउ मूरख उत्तेजित हो जात ह मूरखता क बातन करत ह जेहसे दुइनउँ क बीच सन्धि नाहीं होइ पावत

10खून क पिआसे लोग, सच्चे लोगन स घिना करत हीं। किन्तु सच्चे लोग ओनकर जिन्नगी बचावइ क जतन करत ह।

11मूरख मनई क लउ बहोतइ हाली किरोध आवत ह। मुला बुद्धिमान धीरा धइके आपन पइ नियंत्रण राखत ह।

12जदि एक सासक झूठी बातन क सुनत ह तउ ओकर सब अधिकारी भ्रस्ट होइ जात हीं।

13एक हिंसाब स गरीब अउर जउन मनई क लूटत ह, उ समान अहइ। यहोवा ही दुइनउँ क बनाएस ह।

14अगर कउनो राजा गरीब पइ निआव स पूर्ण रहत ह तउ ओकर सासन बहोत लम्बे काल बना रही।

15सजा अउर डाँट स सुबुद्धि मिलत ह किन्तु जदि महतारी-बाप मनचाहा करइ क खुला छोड़ि देइँ, तउ उ आपन महतारी क लज्जा बनी।

16दुट्ठ क राज मँ पाप पनप जात हीं मुला अन्तिम जीत तउ सज्जन क ही होत ह।

17पूत क दण्डित करा जब उ अनुचित करइ, फुन तउ तोहका ओह पइ सदा ही घमण्ड होइ। उ तोहरी लज्जा क कारण कबहुँ नाहीं होइ।

18अगर कउनो देस परमेस्सर क राहे पइ नाहीं चलत तउ उ देस मँ सान्ति नाहीं होइ। किन्तु उ देस जउन परमेस्सर क व्यवस्था पइ चलत ह, आनन्दित रही।

19सिरिफ सब्द मात्र स दास नाहीं सुधरत ह। चाहे उ तोहार बात क समुझ लेइ, मुला ओकर पालन नाहीं करी।

20अगर कउनो बगैर बिचारे भए बोलत ह तउ ओकरे बरे कउनो आसा नाहीं। जियादा आसा होत ह एक मूरख बरे अपेच्छा उ मनई क जउन बिचारे बिना बोलइ।

21अगर तू आपन दास क सदा उ देब्या जउन भी उ चाहइ, तउ अंत मँ उ तोहार एक उत्तिम दास नाहीं रही।

22किरोधी मनई मतभेद भड़कावत ह, अउर अइसा जन जेका किरोध आवत होइ, बहोत स पापन क अपराधी बनत ह।

23मनई क अहंकार नीचा देखावत ह, मुला उ मनई जेकर हिरदय विनम्र होत आदर पावत ह।

24जउन चोर क संग धरत ह उ आपन स दुस्मनी करत ह। काहेकि अदालत मँ जब ओका फुरइ बोलइ क होइ तउ उ कछू भी कहइ स बहोत डेरान रहब्या।

25डर मनई बरे फंदा साबित होत ह, मुला जेकर आस्था यहोवा पइ रहत ह, सुरच्छित रहत ह।

26बहोत लोग सासक क मीत होइ चाहत हीं, मुला उ यहोवा ही अहइ, जउन लोगन क फुरइ निआव करत ह।

27सज्जन घिना करत हीं अइसे ओन लोगन स जउन सच्चे नाहीं होतेन, अउर दुट्ठ सच्चे लोगन स घिना राखत हीं।

याके क पूत आगूर क सूक्तियन

30 इ सबइ सूक्तियन आगूर क अहइँ, जउन याके क पूत रहा। इ पुरुस ईतीएल अउ उक्काल स कहत ह।

2मइँ महा बुद्धिहीन हउँ। मोहमाँ मनई क समुझदारी बिल्कुल नाहीं अहइ।

3मइँ बुद्धि नाहीं पाएउँ अउर मोरे लगे उ पवित्तर क गियान नाहीं अहइ।

4सरग स कउनो नाहीं आवा अउर हुआँ क रहस्य लिआइ सका पवन क मूठी मँ कउनो नाहीं बाँधि सका। कउनो नाहीं बाँधि सका पानी क ओढ़ना मँ अउर कउनो नाहीं जानि सका धरती क छोर। अउर अगर कउनो एन बातन क करि सका ह, तउ मोहसे कहा, ओकर नाउँ अउर नाउँ ओकरे पूत क मोका बतावा, अगर तू ओका जानत अहा।

5परमेस्सर क सब्द दोखरहित होत ह, जउन कउनो भी ओकरी सरण जात हीं उ ओनकर ढाल होत ह। 6'तू ओकरे सब्दन मँ कछू जिन बढ़ा। नाहीं तउ उ तोहका सजा दइ अउर झूठा ठहराइ।

7हे यहोवा, मइँ तोहसे दुइ बातन माँगत हउँ: ओनका मोरे मउत स पहिले इनकार जिन करा। 8तू मोहसे मिथ्या क, छल क दूर रखा। मोका दरिद्र जिन करा अउर न ही मोका धनी बनावा। मोका बस रोज खाइ क देत रहा। 9कहूँ अइसा न होइ जाइ बहोत कछू पाइके मइँ तहका तजि देउँ, अउर कहइ लागूँ 'कउन परमेस्सर अहइ?' अउर जदि निर्धन बनउँ अउर चोरी करउँ, अउर इ तरह मइँ आपन पमेस्सर क नाउँ क लजाउँ। 10तू सुआमी स सेवक क निन्दा जिन करा नाहीं तउ तोहका, उ अभिसाप देइ अउर तोहका ओकर भरपाइ करइ क होइ।

11अइसे भी होत हीं जउन आपन बाप क कोसत हीं, अउर आपन महतारी क धन्न नाहीं कहत हीं।

12होत हीं अइसे भी, जउन आपन आँखिन मँ तउ पवित्तर बने रहत हीं किन्तु अपवित्तरता स आपन नाहीं धोवा होत हीं।

13अइसे भी लोग अहइ जउन सोचत हीं कि उ पचे बहोत नीक अहइ। उ पचे सोचत हीं कि उ पचे दूसर स बेहतर अहा।

14अइसे भी होत हीं जेनकर दाँत कटार अहइँ अउर जेनकर जबड़न मँ खंजर जड़ा रहत हीं जेहसे उ पचे इ धरती क गरीबन क हड़प जाँइ, अउर जउन मानवन मँ स अभावग्रस्त अहइँ ओनका उ पचे लील लेइँ।

15जोंक क दुइ बिटियन होत हीं उ पचे सदा चिचियात रहत हीं, "द्या, द्या।" तीन चिजियन अइसी अहइँ जउन कबहुँ नाहीं अघातिन अउर चार अइसी जउन कबहुँ बस नाहीं कहतिन। 16कब्र, बाँझ कोख अउर धरती जउन जल स कबहुँ आघात नाहीं, अउर उ आगी जउन कबहुँ 'बस' नाहीं कहतिन।

17जउन आँखिन आपन ही बापे पइ हँसत हीं, अउर महतारी क बात मानइ स घिना करत ह, घाटी क कउआ ओका नोंच लेइहीं अउर ओका गीध खाइ जइहीं।

18तीन बातन अइसी अहइँ जउन मोका बहोत विचित्र लागत हीं, अउर चउथी अइसी जेका मइँ समुझ नाहीं पावत हउँ। 19अकासे मँ उड़त भए गरूड़ क मारग, अउर लीक नाग क जउन चट्टान पइ चला, अउर महासागरे पइ चलत जहाज क राह अउर उ पुरूस क मारग जउन कउनो कामिनी क पिरेम जाल मँ बँधा होइ।

20बिभीचारी मेहरारू क स्वभाव अइसी होत ह, उ खात रहत अउर आपन मुँह पोंछ लेत, अउर कहा करत ह, "मइँ तउ कछू भी बुरा नाहीं किहेउँ।"

21तीन बातन अइसी अहइँ जेनसे धरती काँपत ह अउर एक चउथी अहइ जेका उ सह नाहीं कइ पावत। 22दास जउन राजा बन जात अउर मूरख जेकर लगे प्रयाप्त भोजन होत ह, 23अउर अइसी मेहरारू जेहसे घिना करत ह अउर अइसी दासी जउन सुआमिनी क जगह लइ लेइ।

24चार जीव धरती पइ क अइसा अहइ जउन कि बहोत छुद्र अहइँ मुला ओनमाँ बहोत जियादा विवेक भरा भवा अहइ।

25चींटियन जेनमाँ सक्ती नाहीं होत हीं फुन भी उ पचे
गर्मी मँ आपन खइया क बटोरत हीं,

26बिज्जू (सापान) दुर्बल प्राणी अहइँ फुन भी उ पचे
कड़ी चट्टानन मँ आपन घर बनावत हीं,
27टिड्डियन क कउनो भी राजा नाहीं होत ह फुन भी
उ पचे पंक्ति बाँधिके साथ अगवा बढ़त हीं।
28अउर उ छिपकिली जउन जब सिरिफ हाथ स ही
धरी जाइ सकत ह, फुन भी उ राजा क महलन मँ पाई
जात ह।
29तीन प्राणी अइसे अहइँ जउन आन-बान स चलत हीं,
किन्तु नाहीं, दर असल उ चार अहइ:
30एक सेर, जउन सबहिं पसुअन मँ सक्तीवाला होत
ह, जउन कबहुँ कउनो स नाहीं डेरात,
31घमण्डी चाल स चलत भवा मुर्गा अउ एक बोकरा
अउर उ राजा जउन आपन सेना क अगवाइ करत ह।

32तू जदि कबहुँ आपन बेवकूफी क कारण स घमण्डी
हो जात ह अउर दूसर क बिरुद्ध जोजना बनावत ह तउ
एका बन्द करा अउर जउन तू करत ह ओकरे बरे सोच्या।
33जइसे मथानी स दूध निकरत ह माखन अउर नाक
मरोड़इ स लहू निकरि आवत ह वइसे ही जगाउब किरोध
क होत ह झगड़न क भड़काउब।

राजा लमुएल क सूक्तियन

31 इ सबइ सूक्तियन राजा लमूएल क, जेनका ओका
ओकर महतारी सिखाए रही।
2तू मोर पूत अहा उ पूत जउन मोका पिआरा अहइ।
तोहका पावइ क मइँ परमेस्सर स मन्नत माने रहेउँ। 3तू
बियर्थ मँ आपन सक्ती मेहररूअन पइ जिन खर्च करा।
मेहरारू ही राजा लोगन क बिनास क कारण होत ह एह
बरे तू ओन पइ आपन छय जिन करा। 4हे लमूएल! राजा
क मधूपान सोभा नाहीं देता, अउर न ही इ कि सासक क
यवसुरा ललचाइ। 5नाहीं तउ, उ पचे दाखरस क बहोत
जियादा पान कइके, विधान क व्यवस्था क बिसरि जइहीं
अउर उ पचे सारे दीन दलितन क अधिकारन क छोरि
लेइहीं। 6ओन लोगन क जौ क दाखरस पिअइ द्या जउन
बहोत बड़ा विपत्ती मँ अहइ। 7उ पचे पिअइ अउर आपन
दीनता क बरे मँ बिसर जाइ। उ पचे आपन मुसीबतन क
याद नाही राखइही।
8तू ओनके बरे बोल जउन कबहुँ भी आपन बरे बोल
नाहीं पावत हीं, अउर ओन सबन क, अधिकारन बरे बोल
जउन असाहय अहइ अउर विपत्ती क मारा अहइ। 9तू ओन
बातन क हेतु डटिके खड़ा रह जेनका तू जानत ह कि पचे
उचित, निआवपूर्ण अहा। अउर बिना पच्छ-पात क सब क
निआव कर। गरीब अउर जरुरत मन्द लोगन क अधिकार
क रच्छा करा।

आदर्स पत्नी

10गुणवन्ती पत्नी कउन पाइ सकत ह? उ जन मणि-मणिकन
स कहूँ जियादा कीमती अहइ।
11ओकर पति ओकर बिस्सास कइ सकत ह। ओका
कउनो भी अच्छी चिजियन क कमी नाही होइ।
12सतपत्नी पति क संग उत्तिम व्यवहार करत ह। आपन
जिन्नगी भर ओकरे बरे कबहुँ विपत्ति नाहीं उपजावत।
13उ हमेसा ऊनी अउ सूती ओढ़ना बनावइ मँ व्यस्त
रहत ह।
14उ उ पानी क जहाज क नाईं अहइ जउन दूर देस स
आवात ह अउर हर कहुँ स घरे पर भोज्य वस्तु लिआवत
ह।
15भिंसारे उठिके उ खइया क बनावत ह। अपने परिवारे
क अउर दासियन क हींसा ओनका देत ह।
16उ लखिके अउ परखिके खेत मोल लेत ह। आपन
कमात भवा धन स दाख क बारी लगावत ह।
17उ बड़ी मेहनत करत ह। उ आपन सबहिं काम करइ
क समर्थ अहइ।
18जब भी उ आपन बनाईं चीज क बेंचत ह, तउ लाभ
कमात ह। उ देर रात तलक दीप जलाइ क काम करत ह।
19उ सूत कातत अउर आपन वस्तु बुनत ह।
20उ हमेसा ही दीनदु:खी क दान देत ह, अउर कंगाल
जल क सहायता करत ह।
21जब सर्दी पड़त ह तउ उ आपन परिवार बरे चिंतित
नाहीं होत ह। काहेकि उ सबहिं क उत्तिम गरम ओढ़ना दइ
रखे अहइ।
22उ चादर बनावत ह अउर बिस्तरा पइ फैलावत ह। उ
सने स बना भवा बढ़िया अउर बेंगनी ओढ़ना पहिरत ह।
23लोग ओकरे पति क आदर करत ही उ जगह पावत
ह नगर प्रमुखन क बीच।
24उ अति उत्तिम बइपारी बनत ह। उ ओढ़नन अउर
कमरबंदन क बनाइके ओनका बइपारी लोगन क बेचत ह।
25उ सक्तीवाली अहइ, अउर आन-बान वाली अहइ।
अउर बिस्सास क संग भविस्य क ओर लखत ह।
26जब उ बोलत ह, उ विवेकपूर्ण रहत ह। ओकरी
जीभ लोगन क पिरेम करइ अउर दाया करइ क सिच्छा
देत ह।
27उ कबहुँ भी आलस नाहीं करत अउर आपन घर बार
क चिजियन पइ हर एक दिन धियान रखत ह।
28ओकर बच्चन खड़ा होत हीं अउर ओका आदर देत हीं
अउर ओकरे बारे मँ अच्छी बातन करत ह। ओकर पति
ओकरी तारीफ करत ह।
29ओकर पति कहत ह, "बहोत स उच्चकोटि क
मेहरारूअन अहइ। किन्तू ओन सब मँ तू ही सर्वोत्तम पत्नी
अहा।"
30आकर्षण धोकाबाज़ अहइ अउर सुन्नरता दुइ पल क
अहइ। मुला उ मेहरारू जेका यहोवा क डर बाटइ, ओकरी
तारीफ हाइ चाही।
31ओका उ प्रतिफल द्या जेकर उ जोग्ग अहइ। अउर
जउन काम उ किहेस ह, ओनके बरे सारे लोग क बीच मँ
ओकर तारीफ करा।

भजन संहिता

पहिला भाग

भजन 1

1उ मनई सचमुच धन्य होइ जउन दुस्टन क सलाह न मानी, अउर पापियन क संग सामिल नाहीं होत ह अउर ओनकर संग नाहीं रहत ह जउन परमेस्सर क बरे सम्मान नाहीं दिखावत ह।*

2उ नीक मनई अहइ जउन यहोवा क उपदेसन स पिरेम राखत ह। उ तउ दिन रात ओन उपदेसन क मनन करत ह।

3एहसे उ मनई उ बृच्छ जइसा मजबूत बनत ह जेका सिंचाई क नहर क किनारे रोपा गवा ह। उ उ बृच्छ क नाईं बाटइ, जउन छेत्र मँ फल देत ह अउ जेकर पत्ता कबहुँ नाहीं मुरझातेन। उ जउन भी करत ह सफल ही होत ह।

4मुला दुस्ट मनई अइसे नाहीं होतेन। दुस्ट मनई उ भूसा क नाईं होत हीं जेनका हवा क झोंका उड़ाइ लइ जात ह।

5एह बरे दुस्ट मनई निआव क मुकाबला नाहीं कइ पइहीं। सज्जन लोगन क सभा मँ उ पचे दोखी ठहरावा जइहीं अउर ओन पापी लोगन क बख्सा न जाइ।

6एकर कारण इ बाटइ कि यहोवा सज्जन लोगन क अगुवाइ करत ह, मुला दुर्जन लोग खो जाइहीं।

भजन 2

1दूसरे देसन क मनइयन काहे ऍतना हुल्लड़ मचावत हीं अउर रोवत ह? अउर काहे बियर्थ सड्यन्त्र रचत हीं?

2अइसे देसन क राजा अउर नेता यहोवा अउर ओकरे चुने भएन राजा क खिलाफ होइ बरे आपुस मँ एकजुट होइ जात हीं।

3उ सबइ नेता लोग कहेन, "आवा परमेस्सर स अउ उ राजा स जेका उ चुनेस ह, हम पचे एकजुट होइ क विद्रोह करी। आवा ओकरे बन्धनन क हम उतारिके फेंकि देइ।"

4मुला मोर सुआमी, सरग क राजा, ओन लोगन प हँसत ह।

5-6परमेस्सर कोहान ह अउर उ ओनसे कहत ह, "मइँ इ पुरूस क राजा बनवइ बरे चुनेउँ ह। उ मोर पवित्तर पहाड़ सिय्योन पइ राज्ज करी अउर इहइ ओन नेता लोगन क डेरावत ह।

7अब मइँ यहोवा क फ़रमान क बारे मँ तोहका बतावत हउँ। यहोवा मोसे कहे रहा, "आजु मइँ तोहार बाप बनत हउँ अउर तू आजु मोर पूत बन गवा ह।

8अगर तू मोसे मँगब्या, तउ इ सबइ देसन क मइँ तोहका दइ देबउँ अउ इ धरती क सबहिं जन तोहार होइ जइहीं।

9तोहरे लगे ओनका बर्बाद करइ क वइसे ही सक्ती होइ जइसे कउनो माटी क भाँड़ी क कउनो लोहे क डण्डा स चूर चूर कइ देइ।"

10एह बरे, हे राजा लोगो, तू पचे बुद्धिमान बना। हे सासक लोगो, तू पचे इ पाठे क सीख ल्या।

11तू पचे बहोतइ भय स यहोवा क आग्या माना।

12खुद क ओकर क पूत क बिस्सासपात्र देखॉवा। वरना उ कोहाइ जाइ अउर तू पचन्क नास कइ देइ। असल मँ उ पहिले ही काफी कोहाइ चुका भवा ह। मुला जउन परमेस्सर पइ निर्भर करत अहइँ धन्य होब।

भजन 3

दाऊद क ओह समइ क गीत जब उ आपन पूत अबसालोम स दूर पराइ ग रहा।

1हे यहोवा, मोरे केतॅना ही केतॅना दुस्मन अहइँ, केतॅना लोग मोरे खिलाफ ठाड़ होइ ग अहइँ।

2केतॅना ही लोगन मोर खिलाफ सड्यंत्र रचेन, उ कहत हीं, "परमेस्सर ऍकर रच्छा नाहीं करी।"

3मुला यहोवा, तू मोर ढाल अहा। जउन मोर सम्मान बा उ तू ही अहा। हे यहोवा, तू ही मोर मूँड़ ऊँच करत अहा।

4मइँ यहोवा क ऊँची अवाजे मँ पुकारबउँ। उ आपन पवित्तर पर्वत स मोका जवाब देइ।

5मइँ आराम करइ बरे ओलर सकत हउँ। मइँ जानत हउँ कि मइँ जाग जाबेउँ, काहेकि यहोवा मोका बचावत अउर मोर रच्छा करत ह।

6चाहे हज़ारन सैनिक मोका घेर लेइहीं मुला ओन दुस्मनन स नाहीं डेराब।

7हे यहोवा, उठा! मोरे परमेस्सर मोका बचावा। तू बहोत सक्तीसाली अहा। अगर तू मोरे दुस्मनन क मुँहना पइ प्रहार करा, तउ ओनकइ सबहिं दाँतन टूटि जाइहीं।

8यहोवा आपन लोगन क रच्छा कइ सकत ह। हे यहोवा, तोहरे मनइयन पइ तोहार आसीस रहइ।

भजन 4

तार स बजइ वाले साज क संग संगीत निर्देसक बरे दाऊद क एक ठु गीत।

1मोर उत्तिम परमेस्सर, जब भी मइँ तोहका गोहरावउँ तू मोका जवाब दिया। मोर बिनती क सुना अउर मोहे पइ कृपा करा। जब कबहुँ बिपत्तियन मोका घेरेस तू मोका बचाएस।

उ मनई … दिखावत ह उ मनई भाग्यवान ह जउन दुट्ठन क सलाह पइ नाहीं चलत ह या पापियन क मारग नाहीं लेत ह या ठट्ठा करइ वालन क घरे मँ नाहीं रहत ह।

2अरे लोगो, कब तलक तू पचे मोरे बारे मँ बुरे सब्द कहब्या? तू लोग मोरे बारे मँ कहइ बरे नवा झूठ हेरत रहत अहा। ओन झूठन क कहइ स तू लोग पिरेम रखत ह।

3तू पचे जानत अहा कि आपन नेक लोगन क यहोवा सुनत ह। जब भी मइँ यहोवा क पुकारत हउँ, उ मोर पुकार क सुनत ह।

4जब भी तोहका कउनो बात क परेसानी होइ, तउ होइ सकत क तोहका किरोध आ जाइ, मुला पाप जिन कर्‌या। जब तू आपन बिछउना पइ जा, ओन बातन पइ बिचार करा अउ सांत होइ जा।

5ठीक तरह बलि क अर्पण करा अउ यहोवा पइ भरोसा रखा।

6बहोत स लोग कहत हीं, "परमेस्सर क नेकी हम पचन्क क कउन देखॉइ? हे यहोवा, आपन प्रकास स चमकत मुँहना क प्रकास हम पचन पइ चमकावा।"

7हे यहोवा, तू मोका बहोत खुस बनाइ दिहा। कटनी क समइ भरपूर फसल अउ दाखरस पाइके जब हम पचे आनन्द अउ खुसी मनाइत ह ओसे भी कहूँ जियादा खुस अब मइँ अहउँ।

8मइँ बिछउना पइ ओलरत हउँ अउर सान्ति स सोवत हउँ। काहेकि यहोवा, तू ही मोका सुरच्छित कइके सोवइ बरे ओलारत ह।

भजन 5

बाँसुरी क बजनिया निर्देसक बरे दाऊद क गीत।

1हे यहोवा, मोरे सब्द क सुना अउर तू ओकर सुध ल्या जेका तोका कहइ क मइँ जतन करत हउँ।

2हे मोरे राजा, मोर परमेस्सर मोर दुहाइ पइ धियान द्‌या, काहेकि मइँ तोहसे ही पराथना करत हउँ।

3हे यहोवा, हर भिंसारे तोहका, मइँ आपन भेंटन क अर्पण करत हउँ। तू ही मोर सहायक अहा। मोर निगाह तोहे पइ लागि अहइ अउर तू ही मोर पराथना हर भिंसारे सुनत अहा।

4तू अइसा परमेस्सर नाहीं जउन झूठे देवतन क नाईं दुट्ठता क चाहत ह। बद लोग तोहरे चारिहुँ कइँती नाहीं रहइ सकतेन!

5सेखी हाँकइ वाल लोग तोहार समन्वा नाहीं रुक सकतेन जउन दुस्टता करत ह तू ओनसे नफरत करत ह।

6जउन झूठ बोलत हीं ओनका तू नस्ट करत ह। यहोवा अइसेन मनइयन स घिना करत ह, जउन दूसर लोगन क नोस्कान पहुँचावइ क सड़यन्त्र रचत रहत हीं।

7मुला हे यहोवा, तोहरी अपार करुणा स मइँ तोहरे मन्दिर मँ आउब। हे यहोवा, मोका तोहार डर अहइ मइँ सम्मान तोहका देत अहउँ। एह बरे मइँ तोहरे पवित्तर मन्दिर कइँती निहुरिके तोहार पइलगी करब।

8हे यहोवा, तू मोका आपन नेकी क राह देखॉवा। तू आपन राह क मोरे समन्वा सोझ करा काहेकि मइँ दुस्मनन स घिरा भवा अहउँ।

9उ सबइ लोग फुरइ नाहीं बोलतेन। उ सबइ लबार अहइँ, जउन फुरइ क तोड़त मरोड़त रहत हीं। ओनकर मुँह खुली कब्र क नाईं अहइँ। उ सबइ अउरन स उत्तिम चिकनी-चुपरी बातन करत उ पचे ओनका बस जालि मँ फँसावा चाहत हीं।

10हे परमेस्सर, ओनका सजा द्‌या। ओनकर आपन ही जालन मँ ओनका अरझइ द्‌या। इ सबइ लोग तोहरे खिलाफ होइ ग अहइँ, ओनका ओनकर आपन ही बहोत स पापन क सजा द्‌या।

11मुला जउन परमेस्सर मँ आस्था धरत रहत हीं, उ सबइ प्रसन्न होइँ अउ उ सबइ सदा सदा ही आनन्दित रहइँ। हे परमेस्सर, तू ओनकर रच्छा करा अउर ओनका सक्ती द्‌या जउन लोग तोहरे नाउँ स पिरेम राखत हीं।

12हे यहोवा, तू निहचय ही धर्मी क आसिस देत ह। आपन कृपा स तू ओन पचन्क एक ठु बड़की ढ़ाल बनिके फुन ढक लेत ह।

भजन 6

सौमिनिथ सैली क तार वाद्‌य क संग निर्देसक बरे दाऊद क एक ठु गीत।

1हे यहोवा, जब तू किरोध मँ होब्या तउ मोका सज़ा मत द्‌या। मोका मत सुधारा जब तू बहोत कोहाइ भवा ह्‌वा।

2हे यहोवा, मोहे प दाया करा। मइँ रोगी अउ दुर्बल अहउँ। मोरे बेरामियन क हर ल्या। मोर हाड़ काँपत हीं।

3मोर समूचा देह थर-थर काँपत ह। हे यहोवा, मोर भारी दु:ख तू कब तलक रखब्या।

4हे यहोवा, मोका फुन स बलवान करा। तू महा दयावान अहा, मोर रच्छा करा।

5मरे भए लोग तोका आपन कब्रन मँ याद नाहीं करतेन। मउत क देस मँ उ पचे तोहार स्तुति नाहीं करतेन। एह बरे मोका बचावा।

6हे यहोवा, सारी रात मइँ तोहका पुकारत रहत हउँ। मोर बिछउना मोरे आँसुअन स भीज गवा ह। मोरे बिछउना स आँसू टपकत रहत हीं। तोहरे बरे मइँ रोवत भवा छीन होइ गवा हउँ।

7मोर दुस्मनन मोका बहुतेरा दु:ख दिहन। इ मोका सोक मँ डाइके अउर बहोत दु:खी कइ डाएन अउर अब मोर अँखियन बिलखइ स थकी भइ हारी अउर दुर्बल अहइँ।

8अरे ओ दुर्जन लोगो, तू मोसे दूर हटा। काहेकि यहोवा मोका रोवत भवा सुनि लिहस ह।

9मोर बिनती यहोवा क काने तलक पहोंच चुकी बाटइ अउर मोरी पराथना क सुनिके यहोवा जवाब दइ दिहस ह।

10मोर सबहिं दुस्मनन डर जाइँ अउ निरास होइहीं। कछू अचानक ही घटित होइ अउर उ फुस स अपमानित कीन्ह जाइहीं।

भजन 7

दाऊद क एक भजन गीत: जेका उ यहोवा बरे गाएस। इ गीत बिन्यामीन परिवार समूह क कीस क पूत साऊल क बारे मँ अहइ।

1हे मोर यहोवा परमेस्सर, मोका तोहे प भरोसा बा ओन मनइयन स तू मोर रच्छा कर, जउन मोरे पाछे पड़ा अहइँ। मोका तू बचाइ ल्या।

2अगर तू मोका नाहीं बचउत्या तउ मोर दसा उ निरीह गोरू क नाईं होइ, जेका कउनो सेर धइ दबोच लेत ह। उ मोका घेर्राइके लइ जाइ कउनो भी मनई मोका नाहीं बचाइ पाइ।

3हे मोर यहोवा परमेस्सर कउनो पाप करइ क मइँ दोखी नाहीं हउँ। मइँ तउ कउनो भी पाप नाहीं किहेउँ।

4मइँ आपन मीतन क संग बुरा नाहीं किहेउँ अउर आपन मीत क दुस्मनन क भी मइँ मदद नाहीं किहेउँ।

5मुला एक दुस्मन मोका पाछे खदेरत बाटइ उ मोर हत्या करइ-चाहत ह। उ दुस्मन चाहत ह कि मोर जिन्नगी क धरती पइ रउँद डावइ अउर मोर आतिमा क धूरि मँ मिलाइ देइ।

6यहोवा उठा, अउर आपन किरोध मोर दुस्मन क बिरुद्ध परगट करा। मोरे बरे निआव करा जेकर माँग तू हमेसा करत रहा ह।

7हे यहोवा, मनइयन क निआउ करा। आपन चारिहुँ कइँती क रास्ट्र क बटोरा अउ मनइयन क निआव करा।

8हे यहोवा, आपन निआव क कुर्सी पइ बइठा। आपन निअरे क देसन क इकट्ठा करा अउर ओनका निआव करा यहोवा मइँ निर्दोख अहउँ, मोका निआव द्या जेका मइँ हकदार अहउँ।

9दुर्जन क दण्ड द्या अउर सज्जन क मदद करा। हे परमेस्सर, तू उत्तिम अहा। तू अन्तर्जामी अहा। तू तउ मनइयन क हिरदइ मँ निहारि सकत अहा।

10जेनकर मन सच्चा अहइँ, परमेस्सर ओन मनइयन क मदद करत ह। एह बरे उ मोर भी मदद करी।

11परमेस्सर उत्तिम निआवकर्ता अहइ। उ कबहुँ भी आपन किरोध परगट कइ देइ।

12परमेस्सर जब कउनो निर्णय लइ लेत ह, तउ फिन आपन मन नाहीं फेरत।

13ओहमाँ मनइयन क सजा देइ क छमता बाटइ। उ मउत क सब सामान साथे रखे बाटइ।

14कछू अइसे लोग होत हीं जउन हमेसा कुकर्मन क जोजना बनावत रहत हीं। अइसेन ही लोग गुप्त सड्यन्त्र रचत रहत हीं। अउर झूठ बोलत रहत हीं।

15उ पचे दूसर लोगन क जालि मँ फाँसइ अउर नोस्कान पहुँचावइ क जतन करत रहत हीं। मुला आपने ही जालि मँ फँसिके उ पचे नोस्कान उठइहीं।

16उ पचे आपन ही कर्मे क उचित सजा पइहीं। उ पचे दूसर लोगन क संग क्रूर रहेन। मुला जइसे ओनका चाही वइसेन ही फल पइहीं।

17मइँ यहोवा क जस गावत हउँ, काहेकि उ उत्तिम अहइ। मइँ यहोवा क सबन त ऊँच नाउँ क बड़कइ करत हउँ।

भजन 8

गित्तीथ क संगत पइ संगीत निर्देसक बरे दाऊद क एक ठु पद।

1हे यहोवा, हमार सुआमी, तोहार नाउँ सारी भुइँया पइ बहोतइ अद्भुत बाटइ। तोहार नाउँ सरगे मँ हर कइँती तोहका बड़कइ देत बाटइ।

2लरिकन अउ नान्ह गदेलन क मुँहन स, तोहरी बड़कइ क गीत गावा जात हीं। तू आपन दुस्मनन क चुप करावइ मँ अइसा करत ह।

3हे यहोवा, जब मोर निगाह अकासे पइ पड़त ह, जेका तू आपन हाथे स रच्या ह। अउर जब मइँ चाँद तारन क लखत हउँ जउन तोहार रचना बाटइ, तउ मइँ अचम्भा स भरि जात हउँ।

4मनइयन तोहरे बरे काहे एँतना महत्वपूर्ण होइ गएन? तू ओनका काहे बरे सुमिरत अहा? मनई क पूत तोहरे बरे काहे महत्वपूर्ण बाटइ? काहे तू ओन पइ धियान तलक देत अहा?

5मुला तोहरे बरे मनई महत्वपूर्ण अहइ! तू मनई क देवता क प्रतिरूप बनाया ह, अउ ओनके मूँड़े पइ महिमा अउ सम्मान क मुकुट धरे अहा।

6तू आपन सृस्टि क जउन कछू भी रच्या ह मनइयन क ओकर हकदार बनाया ह।

7मनई भेड़िन पइ, गोरू धने पइ अउ जंगल क सबहिं हिंसक जन्तुअन पइ राज्ज करत ह।

8उ अकासे मँ पंछियन पइ अउ समुद्दर मँ तैरत भए जलचरन पइ राज्ज करत ह।

9हे यहोवा, हमार सुआमी, सारी धरती पइ तोहार नाउँ बहोतइ अद्भुत अहइ।

भजन 9

अलामौथ बैन राग पइ बनावा गवा
दाऊद क पद: संगीत निर्देसक बरे।

1मइँ आपन सम्पूर्ण मन स यहोवा क स्तुति करत हउँ। हे यहोवा, तू जउन अद्भुत कर्म किहे अहा मइँ ओन सबन्क वर्णन करबउँ।

2तू ही मोका एँतना आनन्द मँ रहइवाला बनाया ह। हे परम परमेस्सर, मइँ तोहरे नाउँ क बड़कई क गीत गावत हउँ।

3जब मोर दुस्मन मोसे पलटिके मोरे खिलाफ होत हीं, तब परमेस्सर ओनकर पतन करत ह अउ उ पचे बिलाइ जात हीं।

4तू सच्च निआव करवइया अहा। तू आपन सिंहासन पइ निआव करवइया क रूप मँ बिराजा। तू मोरे मुकदमा क सुनवाई किह्या अउर मोर निआव किहा।

5हे यहोवा, तू ओन दुस्मनन क कठोर झिड़की दिहा अउ हे यहोवा, तू ओन दुस्टन क नास किहा। ओनकइ नाउँ तू जिअत मनइयन क सूची स हमेसा हमेसा बरे मेट दिहा।

6दुस्मन नस्ट होइ गवा ह! हे यहोवा, तू ओनकर नगर मेट दिहा ह। ओनकर भवन अब सिरिफ खण्डहर होइ गवा अहइँ ओन बुरे मनइयन क हम पचन्क सुमरन तलक दिआवइ क कछू भी नाहीं बचा बाटइ।

7मुला यहोवा, तोहार सासन अविनासी अहइ। यहोवा आपन राज्ज क सक्तीसाली बनाएस। उ दुनिया मँ निआव लिआवइ बरे इ किहस।

8यहोवा धरती क सबहिं मनइयन क निस्पच्छ होइके निआव करत ह। यहोवा सबहिं जातियन क बे पच्छपात क निआव करत ह।

9यहोवा दलित अउ सोसितन क सरण क ठउर अहइ। विपत्ति क समइ उ एक सुदृढ़ किला अहइ।

10जउन तोहे पइ भरोसा राखत हीं, तोहार नाउँ जानत हीं। हे यहोवा, अगर कउनो तोहरे दुआरे पइ आइ जाइ तउ बिना मदद पाए लउटत नाहीं।

11अरे ओ सिय्योन क निवासी लोगो यहोवा क गीत गावा जउन सिय्योन मँ विराजत अहइ। सबहिं जातियन क ओन बातन क विसय मँ बतावा जउन बड़की बातन यहोवा कहेस ह।

12यहोवा हत्यारन क सज़ा देत ह अउर ओनका याद रखत ह जउन ओकरे लगे मदद बरे जात ह। उ दीन लोगन क नाहीं भूलत जउन ओकरे लगे सहायता बरे रोवत अहइँ।

13यहोवा क स्तुति मइँ गाएउँ ह: "हे यहोवा, मोहे पइ दाया करा। लखा, कउने तरह मोरे सत्रु मोका दु:ख देत हीं। 'मउत क दुआर' स तू मोका बचाइ ल्या।

14जेहसे यहोवा यरूसलेम क फाटक पइ मइँ तोहार स्तुति क गीत गाइ सकउँ। मइँ बहोतइ प्रसन्न होब काहेकि तू मोका बचाइ लिहा।"

15दूसर जातियन गड़हा खोदेन जेहसे लोग ओनमाँ भहराइ जाइँ मुला उ पचे आपन ही खने भए गड़हन मँ खुद बिलाइ जइहीं। दुट्ठ लोग जालि छुपाइ छुपाइके बिछाएन, जेहसे उ पचे ओहमाँ दूसर लोगन क फाँसि लेइँ। मुला ओनमाँ ओनकर ही गोड़ धँसि गएन।

16यहोवा जउन निआव किहस उ ओहसे पहिचाना गवा कि जउन बुरा करम करत हीं। उ पचे आपन ही हाथन स कीन्ह भए करम स जाँलि मँ फँस गएन। *(हिग्गायोन, सेला)*

17उ पचे दुर्जन होत हीं, जउन परमेस्सर क बिसरत हीं। अइसे लोग मउत क देस जइहीं।

18कबहुँ कबहुँ लागत ह जइसे परमेस्सर दुखियन क पीरा मँ बिसरि जात ह। इ अइसा लागत ह जइसे दीन लोग बिना आसा क अहइँ। मुला परमेस्सर दीन लोगन क हमेसा हमेसा बरे कबहुँ नाहीं बिसरत।

19हे यहोवा, उठा अउ रास्ट्रन क निआव करा। कहूँ उ पचे इ सोच न बइठइँ उ पचे प्रबल अउ सक्तीसाली बाटेन।

20मनइयन क पाठ सिखाइ द्या, जेहसे उ पचे जान जाइँ कि उ पचे बस सिरिफ मनई अहइँ।

भजन 10

1हे यहोवा, तू एँतना दूर काहे खड़ा रहत ह? कि संकट मँ पड़ा लोग तोहका निहारि नाहीं पउतेन।

2अहंकारी दुट्ठ जन दुर्बल क दु:ख देत हीं। उ पचे आपन सड़यन्त्र क रचत रहत हीं।

3दुट्ठ जन ओन चिजियन पइ घमण्ड करत हीं, जेनकर ओनका गहरी इच्छा अहइ अउ लालची मनई परमेस्सर क कोसत रहत हीं। इ तरह दुट्ठ देखॉवत हीं कि उ पचे यहोवा स घिना करत रहत हीं।

4दुट्ठ लोग एँतना घमण्डी होत हीं कि उ पचे परमेस्सर क पाछे नाहीं चल सकतेन। उ पचे खराब खराब जोजना रचत हीं। उ पचे अइसा करम करत हीं, जइसे परमेस्सर क कउनो अस्तित्व ही न बाटइ।

5दुट्ठ जन सदा कुटिल करम करत हीं। उ पचे परमेस्सर क विवेक स पूरी व्यवस्था अउ सिच्छन पइ धियान नाहीं देतेन। हे परमेस्सर, तोहार सबहिं दुस्मन तोहरे उपदेसन क उपेच्छा करत हीं।

6उ पचे सोचत हीं, जइसेन कउनो बुरी बात ओनके संग नाहीं घटि जाइ। उ पचे कहत रहत हीं, "हम पचे मउज मँ रहब अउ कबहुँ भी दण्डित नाहीं होब।"

7अइसेन दुट्ठ क मुँह सदा साप देत रहत ह। उ पचे दूसर जन क निन्दा करत हीं अउर काम मँ लिआवइ क सदा ही बुरी बुरी जोजना रचत रहत हीं।

8अइसे लोग गुप्त ठउरन मँ लुकान रहत हीं, अउर लोगन क फँसावइ क प्रतीच्छा करत हीं। उ पचे लोगन क नस्कान पहुँचावइ खातिर लुकान रहत हीं अउ निरपराधी लोगन क हत्या करत हीं।

9दुट्ठ जन सिंह क नाईं होत हीं जउन ओन गोरूअन क धरइ क घात मँ रहत हीं। जेनका उ पचे खाइ जइहीं। दुट्ठ जन दीन लोगन पइ मार करत हीं ओनकर बनाए भए जालि मँ बेसहारा दीन फँसि जात हीं।

अउर पापन स महा पवित्तर ठउर क सुद्ध करइ बरे
प्रायस्चित करी चाही। हारून क इ इहइ मिलापवाला तम्बू
बरे करइ चाही जउन असुद्ध लोगन क बीच मँ बाटइ।
17जउने समइ हारून महा पवित्तर ठउर सुद्ध करइ, उ समइ
कउनो मनई मिलापवाला तम्बू मँ नाहीं होइ चाही। कउनो
मनई क ओकरे भीतर तब तलक नाहीं जाइ चाही जब
तलक हारून बाहेर न आइ जाइ। इ तरह, हारून आपन क,
आपन परिवार क अउर इस्राएल क सबहिं लोगन बरे
प्रायस्चित करी। 18तब हारून उ वेदी पइ जाइ जउन यहोवा
क समन्वा बाटइ। हारून वेदी बरे प्रायस्चित करी। हारून
बछवा अउ बोकरा क कछू रकत लइके वेदी क चारिहुँ
कइँती अउ कोना पइ लगाइ। 19तब हारून कछू रकत
आपन अँगुरियन स वेदी पइ सात दाईं छिरकी। इ तरह
हारून इस्राएल क लोगन क सबहिं पापन स वेदी क सुद्ध
अउ पवित्तर करी।

20“हारून महा पवित्तर स्थान, मिलापवाला तम्बू अउ वेदी
बरे प्रायस्चित करी। इ सबइ काम क पाछे हारून यहोवा क
लगे जिअत बोकरा क लिआई। 21हारून आपन दुइनउँ
हाथन क जिअत बोकरा क मूँड़े पइ धरी। तब हारून बोकरा
क ऊपर इस्राएल क लोगन क अपराध अउ पाप क
कबूली। इ तरह हारून लोगन क पापन क बोकरा क मूँड़े
पइ डाइ। तब उ बोकरा क दूर रेगिस्तान मँ पठइ। एक मनई
बगल मँ बोकरा क लइ जाइके बरे खड़ा होइ। 22इ तरह
बोकरा सबहिं लोगन क पाप अपने ऊपर सूना रेगिस्तान मँ
लइ जाइ। जउन मनई बोकरा क लइ जाइ उ रेगिस्तान मँ
ओका खुला छोड़ि देइ।

23“तब हारून मिलापवाला तम्बू मँ जाई। उ सन क ओन
उत्तिम ओढ़नन क पहिरिही जेनका उ महा पवित्तर स्थान मँ
जात समइ पहिरे रहा। ओका ओन ओढ़नन क हुअँइ तजइ
चाही। 24उ आपन पूरा सरीर क एक पवित्तर जगह मँ पानी
स धोई। तब उ आपन दूसर खास ओढ़नन क पहिरी। उ
बाहेर आइ अउर आपन होमबलि अउर लोगन क होमबलि
चढ़ाइ। उ आपन क अउ लोगन क पाप बरे प्रायस्चित
करी। 25तब उ वेदी पइ पापबलि क चर्बी क चढ़ाइ।

26“जउन मनई बोकरा क अजाजेल क लगे लइ जाइ, उ
आपन ओढ़ना अउ आपन पूरा सरीर क पानी स धोवइ चाही।
ओकरे पाछे उ मनई सिबिर मँ वापिस आइ सकत ह।

27“पापबलि क बछवा अउर बोकरा क सिबिर स जरूर
बाहेर लइ जाइ चाही। (उ पसुअन क रकत पवित्तर ठउरे मँ
पवित्तर चीजन बरे प्रायस्चित करइ बरे लिआवा ग रहा।)
याजक ओन पसुअन क चाम, सरीर अउ सरीरे क मल
आगी मँ बारी। 28तब ओन चीजन क बारइवाला मनई क
आपन ओढ़ना अउ पूरा सरीर क पानी डाइके धोवइ चाही।
ओकरे पाछे उ मनई डेरा मँ आइ सकत ह।

29“इ नेम तोहरे बरे सदा रही। सतएँ महीना क दसवें दिन
तू पचन क जरूर उपवास करइ चाही। तू पचन क कउनो
काम नाहीं करइ चाही। तोहरे संग रहइवाला नागरिक या
बिदेसी भी कउनो काम नाहीं कइ सकिहीं। 30काहेकि उ दिन
याजक तोहका सुद्ध किहेस ह अउ तोहरे पापन्क बरे
प्रायस्चित किहेस ह। तब तू पचे यहोवा बरे सुद्ध होब्या।
31इ दिन तोहरे बरे आराम करइ क बिसेस दिन अहइ।
तोहका सबन क इ दिन उपवास करइ चाही। इ नेम सदा बरे
होइ। 32तउ उ मनई जउन महा याजक बनइ बरे अभिसेक
किहेस ह इ चीजन सुद्ध करइ बरे प्रायस्चित करी। इ उहइ
मनई अहइ जेका ओकरे पिता क मउत क पाछे महा याजक
क रुप मँ सेवा बरे तय कीन्ह ग अहइ। उ याजक क सन
क पवित्तर ओढ़ना धारण करइ चाही। 33ओका पवित्तर स्थान,
मिलापवाला तम्बू अउ वेदी क सुद्ध करइ चाही अउ ओका
याजक अउ इस्राएल क सबहिं लोगन क सुद्ध करइ चाही।
34इस्राएल क लोगन क प्रायस्चित करइ क इ नेम सदा ही
रही। तोहका इ सबइ बरिस मँ एक दाईं जरूर करइ चाही।”

एह बरे उ पचे उहइ किहेन जउन करइ क यहोवा मूसा
क आदेस दिहे रहा।

जनावरन क मारइ अउ खाइ क नेम

17 यहोवा मूसा स कहेस, 2"हारून, ओकरे पूतन अउ इस्राएल क सबहिं मनइयन स कहा। ओनका कहा कि यहोवा इ हुकुम दिहे अहइ: 3कउनो इस्राएली मनई कउनो बर्धा या भेड़ी क बच्चा या बोकरा क डेरा मँ या डेरा क बाहेर मारि सकत ह। 4उ व्यक्ति उ जनावरे क मिलापवाले तम्बू क दुआरे पइ लिआइ। ओका उ जनावर क एक हींसा यहोवा क भेंट क रुप मँ देइ चाही। उ व्यक्ति रकत बहाएस ह। उ मारे बाटइ एह बरे ओका यहोवा क पवित्तर तम्बू मँ भेंट लइ जाइ चाही। अगर उ जनावर क हींसा यहोवा क लगे नाहीं लइ जात तउ ओका आपन लोगन स अलग कइ देइ चाही। 5इ नेम एह बरे अहइ कि लोग मेलबलि यहोवा क अर्पण करइँ। इस्राएल क लोगन क ओन जनावरन क जरूर लावइ चाही जेनका उ पचे मैदान मँ मारत ह। ओनका ओन जनावरन क मिलापवाला तम्बू क दुआर पइ लावइ चाही। ओनका ओन जनावरन क याजक क लगे लिआवइ चाही। 6तब याजक ओन जनावरन क रकत मिलापवाला तम्बू क दुआरे क लगे यहोवा क वेदी तलक फेंकइ। याजक ओन जनावरन क चर्बी क वेदी पइ बारी। इ यहोवा बरे महकउआ सुगन्ध होइ। 7ओनका कउनो भेंट 'बोकरन क मूर्तियन' क अगवा नाहीं चढ़ावइ चाही, जउन उ पचन क वेस्यावृति क नाईं बदलत हीं। इ सबइ नेम हमेसा रइहइँ।

8"लोगन स कहा: इस्राएल क कउनो नागरिक या कउनो बिदेसी जउन तू पचन क बीच बसत ह मँ स कउनो जउन मेलबलि अउ होमबलि चढ़ावत ह 9ओका आपन बलि क मिलापवाला तम्बू क दुआर पइ लइ चाही अउ ओका यहोवा क चढ़ावइ चाही। अगर उ मनई अइसा नाहीं करत तउ ओका आपन लोगन स अलग कइ देइ चाही।

10"मइँ हर अइसे मनई क खिलाफ होब जउन रकत खात ह। चाहे उ इस्राएल क नागरिक होइ या उ तोहरे बीच रहइवाला कउनो विदेसी होइ। मइँ ओका ओकरे लोगन स अलग कइ देब। 11काहेकि प्राणी क जीवन रकत मँ बाटइ। मइँ तू पचन क उ रकत वेदी पइ डावइ क नेम दिहेउँ ह। इ तोहार आपन प्रायस्चित करइ बरे अहइ। कहेकि रकत मँ जान बाटइ, इ तोहार प्रायस्चित करी। 12एह बरे मइँ इस्राएल क लोगन स कहत हउँ: तू पचन मँ स कउनो अउर न ही तू पचन क बीच रहइवाला कउनो बिदेसी रकत खाइ सकत ह। 13अगर कउनो मनई कउनो जंगली जनावर या पंछी क धरत ह जेका खावा जाइ सकइ तउ उ मनई क रकत भुइँया पइ जरूर बहाइ देइ चाही अउ माटी स ओका मूँद देइ चाही। चाहे उ मनई इस्राएल क नागरिक होइ या तू पचन क बीच रहइवाला बिदेसी ओका इ जरूर करइ चाही। 14तू पचन क इ काहे करइ चाही? काहेकि अगर रकत गोसे मँ बाटइ तउ उ जनावर क प्राण भी गोसे मँ बाटइ। एह बरे मइँ इस्राएल क लोगन क हुकुम देत अहउँ: उ गोस क जिन खा जेहमाँ रकत होइ। कउनो भी मनई जउन रकत खात ह आपन लोगन स अलगाइ दीन्ह जाइ।

15"अगर कउनो मनई खुद स मरा भवा जनावर या कउनो दूसर जनावर क जरिये मारा भवा जनावर क खात ह। उ साँझ तलक असुद्ध रही। तउ उ मनई क आपन ओढ़ना अउ आपन पूरा सरीर पानी स धोवइ चाही। चाहे उ मनई इस्राएल क नागरिक हो या तू पचन क बीच रहइवाल बिदेसी। ओका इ जरूर करइ चाही। 16अगर उ मनई आपन ओढ़नन क नाहीं धोवत अउ न ही नहात ह तउ उ पाप करइ क अपराधी होइ।"

यौन सम्बंध क बारे मँ नेम

18 यहोवा मूसा स कहेस, 2"इस्राएल क लोगन स कहा: मइँ यहोवा तू पचन क परमेस्सर अहउँ। 3हिआँ आवइ क पहिले तू लोग मिस्र मँ रह्या। तू पचन क उ नाहीं करइ चाही जउन हुआँ होत भवा रहा। मइँ तू लोगन क कनान लइ जात अहउँ। तू लोगन क उ नाहीं करब अहइ जउन उ देस मँ कीन्ह जात ह। 4तू पचन क मोरे नेमन क जरूर पालन करइ चाही। इ नेमन क पालन मँ होसियार रहा। काहेकि मइँ यहोवा तू पचन क परमेस्सर अहउँ। 5एह बरे तू पचन क मोरे सबइ नेमन अउ कानून क पालन जरूर करइ चाही। अगर कउनो मनई मोर सबइ नेमन अउ हुकुमन क पालन करत ह तउ उ जिअत रही। मइँ यहोवा अहउँ।

6"तोहका सबन्क निचके क रिस्तेदारन स कबहुँ यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। मइँ यहोवा अहउँ!

7"तू पचन्क आपन पिता क अपमान नाहीं करइ चाही अरथ अहइ तू पचन्क आपन महतारी क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। 8तू पचन्क आपन बाप क मेहरारु स भी यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही चाहे उ तोहार महतारी भले ही न होइ। पिता क स्त्री स यौन सम्बंध सिरिफ तोहरे पिता बरे अहइ।

9"तू पचन्क आपन पिता या महतारी क बिटिया अर्थात आपन बहिन स यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। एहसे फरक नाहीं पड़त कि तोहरी उ बहिन क पालन पोसण तोहरे घरे मँ भवा या कउनो दूसर जगह।

10"तोहका सबन्क आपन नाती पोतन स यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। उ पचे तोहार अंग* अहइँ।

11"अगर तोहरे पिता अउ ओकर पत्नी* क कउनो बिटिया अहइ तउ तोहरा बहिन अहइ। तू सबन्क ओनकइ संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही।

12"आपन पिता क बहिन क संग तोहार यौन सम्बंध नाहीं होइ चाही। उ तोहरे पिता क गोत क अहइ। 13तू पचन्क आपन महतारी क बहिन क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। उ तोहरे महतारी क गोत क अहइ। 14तू पचन्क आपन पिता क भाई क पत्नी क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। तू पचन्क आपन चाचा क पत्नी क निअरे तलक नाहीं जाइ चाही। उ तोहार काकी अहइ।

15"तोहका पचन्क आपन पतोहू क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। उ तोहरे बेटवा क पत्नी अहइ। तोहका ओकरे संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही।

तोहार अंग ओनकर नंगा होब तोहार नंगा होब अहइ।

ओकर पत्नी साइद एकर अरथ "तोहार सौतेली महतारी।"

16"तू पचन्क आपन भाई क पत्नी क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। इ आपन भाई क संग यौन सम्बंध राखब जइसा होइ। सिरिफ तोहार भाई आपन पत्नी क संग यौन सम्बंध रख सकत ह।*

17"तोहका सबन्क कउनो महतारी अउ ओकरी बिटिया स यौन सम्बंध नाहीं रखइ चाही अउ तोहका इ स्त्री क नातिन स यौन सम्बंध नाहीं रखइ चाही। एहसे इ फरक नाहीं पड़त कि उ नातिन उ स्त्री क पूत या बिटिया क बिटिया बाटइ। ओकर पोतिन ओकरे नजदिकी गोत क बाटिन। ओनकइ संग यौन सम्बंध करब गलत अहइ।

18"जब ताईं तोहार स्त्री जिअत बाटइ, तू सबन्क ओकरी बहिन क दूसर स्त्री नाहीं बनावइ चाही। इ बहिनियन क आपसी दुस्मन बनाइ देइ। तोहका सबन्क आपन स्त्री क बहिन स यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही।

19"तोहका सबन्क कउनो स्त्री क लगे ओकरे मासिक धर्म क समइ यौन सम्बंध बरे नाहीं जाइ चाही। उ इ समइ असुद्ध अहइ।

20"तोहे सबन्क आपन पड़ोसी क स्त्री स यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। इ तू सबन्क असुद्ध बनाइ।

21"तू सबन्क आपन कउनो गदेला क आगी क जरिये मोलेक क भेंट नाहीं चढ़ावइ चाही। अगर तू पचे अइसा करत अहा तउ तू पचे आपन यहोवा क नाउँ क अपमान किहस ह। मइँ यहोवा अहउँ।

22"तू सबन्क कउनो मनसेधू क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही जइसा कउनो स्त्री क साथ कीन्ह जात ह। इ भयंकर पाप अहइ।

23"कउनो जनावर क संग तोहार यौन सम्बंध नाहीं होइ चाही। इ सिरिफ तोहका घिनौना बनाइ देइ। स्त्री क भी कउनो जनावर क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। इ प्रकृति क खिलाफ अहइ।

24"इ सबइ अनुचित कामन स आपन क असुद्ध जिन करा। मइँ ओन रास्ट्रन क ओकर देस स बाहेर करत हउँ अउर मइँ ओनकी धरती तू सबन्क देत अहउँ। काहेकि उ पचे लोग वइसेन भयंकर पाप करत हीं। 25एह बरे उ देस असुद्ध होइ ग बाटइ। एह बरे मइँ ओन लोगन स ओनकइ पापन बरे भरपाई कराउब। उ देस आपन निवासियन बाहेर अलगइ देत ह।

26"एह बरे तू पचे मोरे सबइ नेमन अउ कानूनन क पालन जरूर करब्या। तू पचन्क ओनमाँ स कउनो भयंकर पाप नाहीं करइ चाही। इ सबइ नेमन इस्राएल क सबहिं नागरिक अउर तोहरे बीच रहइवाला सबहिं बिदेसियन बरे बाटइ। 27जउन लोग तू सबन्स पहिले हुआँ रहेन उ पचे उ सबइ भयंकर पापन किहेन। जेहसे उ धरती असुद्ध होइ गवा। 28अगर तू पचे भी उहइ काम करब्या तउ तू पचे इ धरती क गन्दा बनउब्या। इ तू लोगन्क वइसेन ही बाहेर निकारि देइ, जइसेन तू पचेन स पहिले बसइवाली जातियन क संग कीन्ह गवा रहा। 29अगर कउनो मनई ओन भयंकर पापन मँ कउनो पाप करत ह, तउ उ आपन लोगन स अलग कइ दीन्ह जाइ। 30दूसर लोग उ ओन भयंकर पापन क किहेन ह। मुला मोरे नेमन क पालन करइ चाही। तोहका पचन्क ओन भयंकर पापन मँ स कउनो भी नाहीं करइ चाही। ओन भयंकर पापन स आपन क असुद्ध जिन बनावा। मइँ तोहार सबन्क परमेस्सर यहोवा अहउँ।"

इस्राएल परमेस्सर क अहइ

19 यहोवा मूसा स कहेस, 2"इस्राएल क सबहिं लोगन स कहा: कि मइँ तोहार परमेस्सर अहउँ मइँ पवित्तर हउँ! एह बरे तू सबन्क पवित्तर होइ चाही!

3"तू पचन मँ स हर एक मनई क आपन महतारी बाप क सम्मान करइ चाही अउ मोर बिस्राम क खास दिनन क मनावइ चाही। मइँ तोहार पवित्तर परमेस्सर अहउँ!

4"मूतिर्यन क उपासना जिन करा। आपन बरे देवतन क मूतिर्यन क धातु गलाइके जिन बनावा। मइँ तू लोगन क परमेस्सर यहोवा अहउँ।

5"जबहिं तू यहोवा क मेलबलि चढ़ावा तउ तू पचे ओका अइसे ठीक तरीका स चढ़ावा कि यहोवा तोहार बलि क स्वीकार कइ लेइ। 6जउने दिन चढ़उब्या तू ऍका खाइ सकब्या अउ दूसरे दिना भी। मुला अगर बलि क कछू हींसा तीसर दिन भी बचि जाइ तउ ओका तू पचन क आगी मँ बारि देइ चाही। 7कउनो भी बलि क तीसर दिन नाहीं खाइ चाही। इ असुद्ध बाटइ। इ अंगीकार नाहीं होइ। 8अगर कउनो मनई अइसा कामन करत ह तउ उ दोखी होइ। काहेकि उ यहोवा क पवित्तर चीजन क दूसित किहेस। उ मनई क ओकर लोगन स अलग कइ दीन्ह जाई।

9"जबहिं तू कटनी क समइ आपन फसल काट्या तउ तू पचे सब कइँती स खेत क कोनन ताईं जिन काट्या अउर अगर अन्न जमीन पइ गिरि जात ह तउ तू पचन्क ओका बटोरइ नाहीं चाही। 10आपन अंगूरे क बगिया क सारा अंगूर जिन तोड़्या। जउन अंगूर भुइँया पइ गिरि जाइँ ओनका जिन उठावा। काहेकि तू पचन्क उ सबइ चीजन गरीब लोगन अउर जउन तोहार बीच रहइवाला बिदेसियन बाटइ ओनके बरे छोड़इ चाही। मइँ यहोवा तोहार परमेस्सर अहउँ!

11"तू पचन्क चोरी नाहीं करइ चाही। तू पचन्क लोगन्क ठगी नाहीं करइ चाही। तू पचन्क आपुस मँ झूठ नाहीं बोलइ चाही। 12तू पचन्क मोरे नाउँ पइ झूठा बचन नाहीं देइ चाही। अगर तू पचे अइसा करत ह्या तउ तू पचे आपन परमेस्सर क नाउँ क अपमान करत ह। मइँ यहोवा तोहार परमेस्सर अहउँ!

13"तू पचन्क आपन पड़ोसी क धोखा नाहीं देइ चाही। तू पचन्क ओकर चोरी नाहीं करइ चाही। तू पचन्क मजदूर क मजदूरी पूरी रात, भिन्सारे तलक नाहीं रोकइ चाही।*

14"तू पचन्क कउनो बहिरे मनई क सरापइ नाहीं चाही। तू पचन्क कउनो आँधर क भहरावइ बरे ओकरे अगवा कउनो चीज नाहीं रखइ चाही। मुला तू पचन्क आपन परमेस्सर यहोवा क सम्मान करइ चाही। मइँ यहोवा अहउँ!

सिरिफ … सकत ह "उ तोहरे भाई क नंगापन अहइ।"

तू पचन्क … रोकइ चाही एहसे इ पता लागत ह कि मजदूरी पइ धरा गए मजदूर क उहइ दिन कीन्ह गए कामे क मजदूरी उहइ दिन दीन्ह जात रही। लखइँ मत्ती 20:1-16

15“तू पचन्क क निआव करइ मँ ईमानदार होइ चाही। न तउ तू पचन्क गरीबन क संग खास पच्छपात करइ चाही अउ न ही बड़कन अउ धनी मनइयन बरे कउनो आदर देखावइ चाही। तू पचन्क आपन पड़ोसी क संग निआव करत समइ ईमानदार होइ चाही। 16तू पचन्क दूसर लोगन्क खिलाफ चारिहुँ कइँती अफवाह सँचरावत भए नाहीं चलइ चाही। अइसा कछू जिन करा जउन तू पचन्क पड़ोसी क खतरा मँ डाइ देइ। मइँ यहोवा अहउँ!

17“तू पचन्क आपन हिरदइ मँ आपन भाइयन स घिना नाहीं करइ चाही। अगर तोहार पड़ोसी कछू बुरा करत ह तउ एकरे बारे मँ ओका समझावा। मुला ओका छिमा करा! 18लोग, जउन तोहार बुरा करइँ, ओका बिसरि जा। ओसे बदला लेइ क कोसिस जिन करा। आपन पड़ोसी स वइसेन ही पिरेम करा जइसे अपने आप स करत ह्या। मइँ यहोवा अहउँ!

19“तू पचन्क मोरे नेमन क पालन जरूर करा। दुइ जाति क जनावरन क प्रजनन बरे आपुस मँ जिन मिलावा। तू पचन क खेते मँ दुइ तरह क बिआ नाहीं मिलावइ चाही। तू पचन्क दुइ तरह क मिलावट स बना ओढ़ना क नाहीं पहिरइ चाही।

20“इ होइ सकत ह कि कउनो दूसर मनई क दासी स कउनो मनई क यौन संबंध होइ। अगर इ दासी न तउ खरीदी गइ अहइ अउर न ही अजाद कराई गइ अहइ तउ ओनका जरूर दण्ड दीन्ह जाइ चाही। मुला उ पचे मउत न पइहीं। काहेकि स्त्री अजाद नाहीं रही। 21उ मनई क आपन अपराध बरे मिलापवाला तम्बू क दुआरे पइ यहोवा बरे जरूर दोखबलि चढ़ावइ चाही। मनई क एक ठु भेड़ा दोखबलि क रूप मँ लावइ चाही।

22“याजक उ मनई बरे जउन पाप किहेस ह क प्रायस्चित करी। याजक यहोवा क दोखबलि क रुप मँ भेड़ा क चढ़ाइ। इ मनई क कीन्ह गए पापन बरे भेंट होइ। तब मनई आपन कीन्ह गए पापन बरे छिमा पाइहीं।

23“भविस्स मँ तू पचे आपन प्रदेस मँ प्रवेस करब्या। उ समइ भोजन बरे तू पचे किसिम किसिम क बृच्छ लगउब्या। पौधा लगावइ क पाछे बृच्छ क कउनो फले क प्रयोग करइ बरे तोहका तीन बरिस तलक जोहइ चाही। तू पचन क ओसे पहिले क फल क प्रयोग नाहीं करइ चाही।

24“चउथे बरिस उ बृच्छ क फले यहोवा क होइहीं। इ यहोवा क स्तुति बरे पवित्तर भेंट होइ। 25तब, पँचवें बरिस तू सब उ बृच्छ क फल चखि सकत ह अउ बृच्छ तोहरे बरे जियादा स जियादा फल पइदा करी। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ।

26“तू सबन्क क कउनो गोस जेहमा रकत बाटइ नाहीं खाइ चाही। तू पचन्क भविस्सबाणी करइ बरे जादू या कउनो दूसर चीजियन क प्रयोग नाहीं करइ चाही।

27“तू पचन्क आपन मूँड़े क बगल क बाढ़ भवा बार कटवावइ नाहीं चाही या तोहका आपन दाढ़ी क छटवावइ नाही चाही। 28कउनो मरे मनई क सुमिरन बनए रहइ बरे आपन तन क काटइ नाहीं चाही। तू पचन्क आपन सरीर प गोदना गोदवावइ नाहीं चाही। मइँ यहोवा अहउँ!

29“तू पचे आपन बिटिया क बेस्या जिन बनइ द्या। एहसे सिरिफ इ पता लागत ह कि तू ओकर इज्जत नाहीं करत ह्या। तू पचे आपन देस मँ स्त्रियन क बेस्या जिन बनइ द्या। तू पचे आपन देस क इ तरह क पापन स जिन भर जाइ द्या।

30“तू पचन्क मोरे बिस्राम क बिसेस दिनन मँ काम नाहीं करइ चाही। तू पचन्क मोरे पवित्तर ठउर क सम्मान जरूर करइ चाही। मइँ यहोवा अहउँ!

31“ओझा लोगन अउ भूत सिद्ध लोगन लगे सलाह बरे जिन जा। उ पचे सिरिफ तोहका असुद्ध बनइहीं। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ।

32“बुढ़वा मनइयन क सम्मान करा। जब उ पचे कमरा मँ आवइँ तउ खड़ा होइ जा। आपन परमेस्सर क सम्मान करा। मइँ यहोवा अहउँ।

33“आपन देस मँ बिदेसी लोगन क संग बुरा बेउहार जिन करा! 34तू पचन्क बिदेसी लोगन क संग वइसा ही बेउहार ही करइ चाही जइसा तू पचे आपन नागरिकन क संग करत ह्या। तू बिदेसियन स वइसेन पियार करा जइसा आपन स करत ह्या। काहेकि तू पचे भी एक समइ मिस्र मँ बिदेसी रह्या। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ!

35“तू पचन्क निआव करत समइ लोगन बरे ईमानदार होइ चाही। तू पचन्क चीजन क जोखइ अउ तउलइ मँ ईमानदार होइ चाही। 36तोहार झउअन ठीक नाप क होइ चाही। तोहरे नाप करइ क बासन मँ द्रव क ठीक मात्रा आवइ चाही। तोहरे तराजू अउ बटखरा चीजन्क ठीक तउलइवाला होइ चाही। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ। मइँ तू पचन्क मिस्र देस स बाहेर लिआएउँ!

37“तोहका पचन्क सबहिं नेम अउ निर्णयन क सुमिरिके रखइ चाही अउ तू सबन्क ओनका पालन करइ चाही। मइँ यहोवा अहउँ!”

मूर्ति पूजा क खिलाफ चिताउनी

20 यहोवा मूसा स कहेस, 2“तोहका इस्राएल क लोगन स इ भी कहइ चाही: तोहरे देस मँ कउनो मनई आपन गदेलन मँ स कउनो क लबार देवता मोलेक क दइ सकत ह। उ मनई क जरूर मार डावइ चाही। एहसे फरक नाहीं पड़त कि उ इस्राएल क नागरिक अहइ या इस्राएल मँ बसइया कउनो बिदेसी। तू पचन क ओका पाथर लोकाइ लोकाइके मारि डावइ चाही। 3मइँ उ मनई क खिलाफ होब। मइँ ओका ओकरे लोगन स अलग कइ देब। काहेकि उ आपन गदेलन क मोलेक क दिहस। उ मोरे पवित्तर नाउँ क अपमान किहेस। उ मोरे पवित्तर ठउरे क असुद्ध किहस। 4होइ सकत ह कि साधारिन लोग उ मनई क उपेच्छा करइ। होइ सकत ह कि उ मनई क न मारइ जउन गदेलन क मोलेक क दिहस ह। 5मुला मइँ उ व्यक्ति अउ ओकरे परिवार क खिलाफ होब। मइँ ओका ओकरे लोगन स अलग करब। मइँ कउनो भी अइसे व्यक्ति क ओकरे लोगन स अलग करब, जउन मोलेक क पाछे वेस्या क तरह करत ह।

6“मइँ उ मनई क खिलाफ होब जउन कउनो ओझा या भूतसिद्ध क लगे सलाह लेइ बरे जात ह। अइसा करइके उ मोहे स अबिस्सासी होइ जात ह। एह बरे मइँ उ मनई क ओकरे लोगन स अलग करब।

7“बिसेस बना। आपन क पवित्तर बनावा। काहेकि मइँ यहोवा तोहार परमेस्सर अहउँ। 8मोर सबइ आग्या क पालन करा अउ ओनका सुमिरा। मइँ यहोवा अहउँ अउर मइँ तू लोगन क आपन बिसेस लोग बनाएउँ ह।

9“अगर कउनो मनई आपन महतारी-बाप क सराप देत ह तउ उ मनई क मारि डावइ चाही। उ आपन पिता या महतारी क सराप देत ह, एह बरे उ आपन मउत क खुद जिम्मेदार होइ।

यौन पापन्क दण्ड

10“अगर कउनो मनई आपन पड़ोसी क पत्नी क संग यौन सम्बंध रखत ह तउ स्त्री अउ मनसेधू दुइनउँ व्यभिचारी क अपराधी अहइँ। एह बरे दुइनउँ क जरूर मारि डावइ चाही। 11अगर कउनो मनई आपन सौतेली महतारी स यौन सम्बंध करत ह तउ उ मनई क मारि डावइ चाही। उ मनई क अउ ओकर सौतेली महतारी दुइनउँ क मार डावइ चाही।* उ मनई आपन पिता क खिलाफ खुद पाप किहेस ह।

12“अगर कउनो मनई आपन पतोहू क संग यौन सम्बंध करत ह तउ दुइनउँ क मारि डावइ चाही। उ पचे बहोत बुरा यौन पाप किहेन ह। ओनका दण्ड जरुर मिलइ चाही।

13“अगर कउनो मनई कउनो मनई क संग मेहरारु जइसा यौन सम्बंध करत ह तउ दुइनउँ क मारि डावइ चाही। उ पचे बहोत बुरा पाप किहन ह। ओनका दण्ड जरुर मिलइ चाही।

14“अगर कउनो मनई कउनो मेहरारु अउ ओकरी महतारी क संग यौन सम्बंध करत ह तउ इ यौन पाप अहइ। लोगन्क उ मनई अउ दुइनउँ मेहररुअन क आगी मँ बारि देइ चाही। इ यौन पाप क आपन लोगन मँ जिन होइ द्या।

15“अगर कउनो मनई कउनो गोरु स यौन सम्बंध करइ तउ उ मनई क मारि डावइ चाही अउ तोहका उ गोरु क मारि डावइ चाही। 16अगर कउनो मेहरारु कउनो गोरु स यौन सम्बंध करत ह तउ तू पचन क उ मेहरारु अउ उ गोरु क मारि डावइ चाही। ओनका जरुर मारि डावइ चाही।

17“इ एक भाई अउ ओकरी बहिन या सोतेली बहिन बरे लज्जा क बात अहइ कि उ पचे आपुस मँ यौन सम्बंध करइँ। ओनका समाज कइँती स दण्ड मिलइ चाही। उ पचन क आपन लोगन स अलगाइ देइ चाही। उ मनई जउन आपन बहिन क संग यौन सम्बंध किहस ह, आपन पाप बरे जरूर दण्ड पाई।

18“अगर कउनो मनई कउनो मेहरारु क संग मासिक धर्म क रकत बहइ क समइ यौन सम्बंध करी, तउ दुइनउँ क आपन लोगन स अलगाइ देइ जाई। उ पचे पाप किहन क काहेकि उ पचे रकत क स्रोत क उघारेन ह।

19“तू सबन्क आपन महतारी क बहिन या पिता क बहिन क संग यौन सम्बंध नाहीं करइ चाही। इ आपन नगीचे क रिस्तेदार क नंगापन क उघारेन ह। एँह बरे दुइनउँ क ओनके पाप बरे जरूर दण्ड मिली चाही।

20“कउनो मनई क आपन चाचा-मामा क पत्नी क संग नाहीं सोवइ चाही। इ मनई अउ ओकर चाची अउ मामी क ओनके पापन बरे दण्ड मिली। उ पचे बगैर कउनो सन्तान क मरिहीं। 21कउनो मनई क बरे इ बुरा अहइ कि उ आपन भाई क स्त्री क संग यौन सम्बंध करइ। उ मनई आपन भाई क खिलाफ पाप किहे बाटइ। ओकर कउनो सन्तान नाहीं होइ।

22“तू पचन क मोर सारे नेम अउ निर्णय क सुमिरइ चाही अउ तोहका ओनकर पालन जरुर करइ चाही। मइँ तू पचन क तोहरे प्रदेस लइ जात अहउँ। तू लोग उ प्रदेस मँ रहब्या। अगर तू लोग मोर नेमन अउ सबइ निर्णय क मानत रहब्या तउ उ प्रदेस तू लोगन क निकारिके बाहेर न करी। 23मइँ दूसर लोगन क उ प्रदेस क तजइ क मजबूर करत हउँ। काहेकि ओन लोगन उ सबइ पाप किहेन। मइँ ओन पापन स घिना करत हउँ। एह बरे तू पचन्क ओकरे जीवन-सैली क नकल नाहीं करइ चाही।

24“मइँ कहेउँ ह कि तू पचे ओनकर प्रदेस पउब्या। मइँ ओनकर प्रदेस तू पचन क देबउँ। उ तोहार प्रदेस होइ। उ प्रदेस दूध अउ सहद क नदियन बहत हीं। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ!

“मइँ तू पचन्क खास बनाएउँ ह। मइँ तोहरे संग दूसर रास्ट्रन स अलग बेउहार किहेउँ ह। 25एह बरे तू पचन क सुद्ध जनावरन क संग असुद्ध जनावरन स जरूर अलग बेउहार करइ चाही। तू पचन क सुद्ध पंछियन क संग असुद्ध पंछियन स जरूर अलग बेउहार करइ चाही। ओनमाँ स कउनो भी असुद्ध पंछी, जनावरन अउ कीड़ा-पतंगा क जिन खा जउन भुइयाँ प रेंगत हीं। मइँ ओन चीजन क असुद्ध बनएउँ ह। 26तू पचन क मोरे बरे पवित्तर होइ चाही। काहेकि मइँ यहोवा अहउँ अउ मइँ पवित्तर हउँ। मइँ तोहका दूसर रास्ट्रन स अलग कइ दिहे हउँ तोहका बिसेस लोग बनावई बरे जउन कि मोर अहइ।

27“अगर कउनो मनसेधू या मेहरारु ओझा होइ या कउनो जादूगर होइ, ओनका निहचय ही मार दीन्ह जाइ। लोगन क चाही कि उ पचे पाथर मारि मारिके मार देइँ। उ आपन मउत क खुद ही कसूरवार होइ।”

याजकन बरे नेम

21 यहोवा मूसा स कहेस, “इ सबइ बातन हारून क
याजक पूतन स कहा: कउनो मरे भए मनई क
छुइके याजक आपन क असुद्ध न करइ। 2मुला अगर मरा
भवा मनई ओकरे निजके रिस्तेदारन मँ स कउनो अहइ तउ
उ मरे भए क ल्हास क छुइ सकत ह। याजक आपन क
असुद्ध कइ सकत ह अगर मरा मनई ओकर महतारी, बाप,
ओकर पूत, या बिटिया, ओकर भाई, 3ओकर बिन बियाही
बहिन अहइ। (इ बहन ओकर निचके क रिस्तेदार अहइ
काहेकि ओकर भतार नाहीं अहइ।) एह बरे याजक आपन क
असुद्ध कइ सकत ह, अगर उ मरत ह। 4मुला याजक

उ मनई … डावइ चाही सब्द क अरथ “आपन मउत उ पचे खुद बोलाएन ह।”

आपन क असुद्ध नाहीं करइ चाही, अगर मरा भवा व्यक्ति
बियाहे क कारण ओकर रिस्तेदार होइ।*

5"याजकन क आपन मूँड़े क मूड़न नाहीं करावइ चाही।
याजकन क आपन दाढ़ी क सिरा नाहीं कटवावइ चाही।
याजकन क आपन चाम पइ कहूँ भी काटइ नाहीं चाही।
6याजकन क आपन परमेस्सर बरे पवित्तर होइ चाही। उ पचे
आपन परमेस्सर क नाउँ क दूसित नाहीं करइ चाही। काहेकि
उ पचे आपन भोजन अउ भेंट यहोवा क चढ़ावत ह एह बरे
ओनका पवित्तर होइ चाही।

7"याजक परमेस्सर बरे पवित्तर अहइ। एह बरे याजक क
अइसी मेहरारु स बियाह नाहीं करइ चाही जउन कउनो क
संग यौन सम्बंध किहे होइ। याजक क कउनो पतुरिया, या
तलाक दीन्ह गइ मेहरारु स बियाह नाहीं करइ चाही।
8याजक परमेस्सर बरे पवित्तर अहइ। एह बरे तू पचन क
ओकरे साथे खास तरह स बेउहार करइ चाही। काहेकि उ
पवित्तर चीजन क लइ चलत बाटइ। उ पवित्तर रोटी परमेस्सर
क चढ़ावत ह अउर मइँ पवित्तर अहउँ। मइँ यहोवा अहउँ,
अउर मइँ तू पचन क पवित्तर बनावत अहँउ।

9"अगर याजक क बिटिया पतुरिया बन जात ह तउ उ
आपन इज्जत बरबाद करत ह अउ अपने भतारे पइ कलंक
लगावत ह। एह बरे ओका बारि देइ चाही।

10"महा याजक आपन भाइयन मँ स चुना जात रहा।
अभिसेक क तेल ओकरे मूँड़े पइ नावा जात रहा। इ तरह उ
महा याजक क बिसेस कर्तव्य बरे तैनात कीन्ह जात रहा।
ओका महा याजक क खास ओढ़ना पहिरइ बरे चुना जात
रहा। ओका आपन बार जंगली ढंग स नाहीं बिखेरइ चाही।
ओका आपन ओढ़ना बढ़ाइ देइ नाही चाही। 11ओका मुर्दा क
छुइके आपन क असुद्ध नाहीं बनावइ चाही। ओका कउनो
मुर्दा क लगे नाहीं जाइ चाही। चाहे उ ओकर महतारी-बाप
का ही काहे न होइ। 12महा याजक क परमेस्सर क पवित्तर
ठउर क बाहेर नाहीं जाइ चाही। अगर उ अइसा किहस तउ
उ असुद्ध होइ जाइ अउ उ परमेस्सर क पवित्तर ठउर क
भी अपमान कइ देइ। अभिसेक क तेल महा याजक क मूँड़े
पइ नावइ चाही। मइँ यहोवा अहउँ।

13"महा याजक क सिरिफ ओकर संग बियाह करइ चाही
जउन कुवाँरी होइ। 14महा याजक क अइसी मेहरारु स
बियाह नाहीं करइ चाही जउन कउनो दूसर मनई क संग यौन
सम्बंध रख चुकी होइ। महा याजक क कउनो रण्डी, तलाक
दीन्ह गइ मेहरारु या राँड़ मेहरारु स बियाह नाहीं करइ चाही।
महा याजक क आपन लोगन मँ स एक कुवाँरी स बियाह
करइ चाही। 15ओका आपन गदेलन क अपवित्तर नाहीं करइ
चाही। मइँ, यहोवा, याजक क ओकरे खास कामे बरे पवित्तर
बनाएउँ ह।"

16यहोवा मूसा स कहेस, 17"हारून स कहा: अगर तोहरे
बंस मँ जन्मइवालन क सन्तानन मँ स कउनो आपन मँ
कउनो दोख पावइ तउ ओनका खास रोटी परमेस्सर तलक
नाहीं लइ जाइ चाही। 18कउनो मनई, जेहमाँ कउनो दोख
होइ, याजकन क काम न कइ सकत ह। उ मोरे लगे भेंट
नाहीं लिआइ सकत ह। इ सबइ लोग याजक क रुप मँ
सेवा नाहीं कइ सकतेन।

आँधर मनई, लँगड़ा मनई, भयंकर चेहरा वाला मनई,
बहोत जियादा लम्बी बाँह अउर टाँगवाला मनई।

19टूटा गोड़ या हाथवाला मनई,

20कुबड़ा मनई, बौना, आँखी मँ दोखवाला मनई, खजुरी
अउ चरम रोग क मनई, बधिया कीन्ह गवा मनई।

21अगर हारून क कउनो बंसे मँ कछु दोख अहइ।
अहइ तउ उ यहोवा क होमबलि नाहीं चढ़ाइ सकत अउर उ
खास रोटी परमेस्सर क लगे नाहीं लइ जाइ सकत ह।
22बहरहाल उ पवित्तर रोटी खाइ सकत ह। उ सबन त
पवित्तर रोटी भी खाइ सकत ह। 23मुला उ सबन त जियादा
पवित्तर ठउरे मँ पर्दा स होइके नाहीं जाइ सकत अउर न ही
उ वेदी क लगे जाइ सकत ह। काहेकि ओहमाँ कछू दोख
अहइ। ओका मोरे पवित्तर ठउर क अपवित्तर नाहीं बनावइ
चाही। मइँ यहोवा ओन ठउरन क पवित्तर बनवत हउँ।"

24एह बरे मूसा इ सबइ बातन हारून स, हारून क पूतन
अउ इस्राएल क सबहिं लोगन स कहेस।

22 यहोवा परमेस्सर मूसा स कहेस, 2"हारून अउ
ओकरे पूतन स कहा: इस्राएल क लोग जउन
चिजियन मोका देइहीं, उ सबइ पवित्तर होइ जइहीं। उ सबइ
मोर अहइँ। एह बरे तू सबइ याजकन क उ सबइ चीजन
नाहीं लेइ चाही। तोहका उ सबइ पवित्तर चिजियन क नाहीं
लेइ चाही। एँह बरे तू मोर नाउँ क अपमान नाही करब्या।
मइँ यहोवा अहउँ। 3अगर तोहरे बंसे मँ जन्मइवालन मँ स
कउनो व्यक्ति जउन असुद्ध अहइ। ओन चीजन क छुई।
तउ उ व्यक्ति क मोसे अलग कइ दीन्ह जाइ। इस्राएल क
लोग उ सबइ चीजन क मोका दिहन। मइँ यहोवा अहउँ!

4"अगर हारुन क कउनो बंसे जन्मइ वालन मँ क बुरा
चरम रोगन मँ स कउनो रोग होइ या ओका धात स्राव होइ
तउ ओका तबहिं तलक कउनो पवित्तर खाना नाहीं खाइ
चाही जब तलक उ सुद्ध न होइ जाइ। इ नेम उ सबइ
याजक क बरे अहइ जउन असुद्ध होइ। उ याजक कउनो
ल्हासे क छुइके या आपन वीर्य क गिरइ स असुद्ध होइ
सकत ह। 5उ तब असुद्ध होइ सकत ह। जब उ कउनो
रेगंइवाला जनावर क छुअइ। उ तब असुद्ध होइ सकत ह
जब उ कउनो असुद्ध मनई क छुअइ। एकर कउनो महत्व
नाहीं कि उ मनई क कउन चीज असुद्ध किहे अहइ।
6अगर कउनो मनई ओन चीजन क छुई तउ उ साँझ तलक
असुद्ध रही। उ मनई क पवित्तर भोजन मँ स कछु भी नाहीं
खाइ चाही! पानी डाइके बगैर नहाए भए उ पवित्तर भोजन
नाहीं कइ सकत ह। 7उ सूरज क बूड़इ प इ सुद्ध होइ।
तबहुँ उ पवित्तर भोजन कइ सकत ह। काहेकि भोजन ओकर
अहइ।

8"अगर याजक क कउनो अइसा जनावर मिलत ह जउन
खुद मरि गवा होइ या कउनो जनावर क जरिये मारि दीन्ह
ग होइ तउ ओका मरे भए जनावर क नाहीं खाइ चाही।
अगर उ मनई जनावर क खाइ लेत ह तउ उ असुद्ध होइ।
मइँ यहोवा अहउँ!

मुला याजक … रिस्तेदार होइ सब्द क अरथ "मुला सुआमी क आपन लोगन बरे असुद्ध नाहीं होइ चाही।"

9“याजक लोगन क उ काम करइ बरे सावधान होइ
चाही जउन मइँ ओका दिहेस ह। ओनका सावधान रहइ क
होइ कि उ पचे पवित्तर चिजियन क अपवित्तर न बनावइ।
अगर उ पचे सावधान रइहीं तउ मरिहीं नाहीं। मइँ यहोवा
ओनका इ खास काम बरे दूसर लोगन स अलगाएउँ ह।
10सिरिफ याजक लोगन क परिवार क मनई ही पवित्तर
भोजन खाइ सकत हीं। याजक क संग ठहरइवाला अतिथि
या मज़दूर पवित्तर भोजन मँ स कछू भी नाहीं खाइ। 11मुला
अगर याजक आपन धन स कउनो दास क बेसहत ह तउ उ
पवित्तर चीजन मँ स कछू क खाइ सकत ह अउ याजक क
घरे मँ पइदा भवा दास भी उ पवित्तर भोजन मँ स कछू खाइ
सकत ह। 12कउनो याजक क बिटिया अइसे मनई स बियाह
कइ सकत ह जउन याजक न होइ। अगर उ अइसा करत ह
तउ पवित्तर भेंट मँ स कछू नाहीं खाइ सकत। 13कउनो
याजक क बिटिया विधवा होइ सकत ह, या ओका तलाक
दीन्ह जाइ सकत ह। अगर ओकरे भरण पोसण बरे ओकरे
लरिकन नाहीं बाटेन अउर उ आपन पिता क हिआँ लउटत
ह, जहाँ उ बचपन मँ रही ह तउ उ पिता क भोज़न मँ स
कछू खाइ सकत ह। मुला सिरिफ याजक क परिवार क
मनइयन ही इ भोजन क खाइ सकत हीं।

14“कउनो मनई भूलिके कछू पवित्तर भोजन खाइ सकत
ह। उ मनई क उ पवित्तर भोजन याजक क देइ चाही अउ
ओकरे अलावा उ भोजन क दाम क पाँचवाँ हींसा ओका
अउर देइ क होइ। 15इस्राएल क लोग यहोवा क भेंट
चढ़इहीं। उ सबइ भेंटन पवित्तर होइ जात हीं। एह बरे याजक
क ओन पवित्तर चीजन क अपवित्तर नाहीं बनावइ चाही।
16अगर याजक ओन चीजन क अपवित्तर समझत हीं तउ उ
पचे तबहिं आपन पाप क बढ़इहीं जब पवित्तर भोजन क
खइहीं। मइँ, यहोवा, ओनका पवित्तर बनावत हउँ।”

17यहोवा परमेस्सर मूसा स कहेस, 18“हारून अउ ओकरे
पूतन, अउर इस्राएल क सबहिं लोगन स कहा: होइ सकत
ह कि इस्राएल क कउनो नागरिक या कउनो बिदेसी कउनो
भेंट लावइ चाहइ। होइ सकत ह उ कउनो बिसेस बचन दिहे
होइ, अउ इ ओकरे बरे होइ। या होइ सकत ह इ उ बिसेस
भेंट होइ जेका उ व्यक्ति अर्पित करइ चाहइ। 19-20इ सबइ
अइसी भेंटन अहइँ जेनका लोग एह बरे लिआवत हीं कि उ
पचे यहोवा क भेंट चढ़ावइ चाहत हीं। तोहका सबन्क अइसी
भेंट नाहीं कबूल करइ चाही जेहमाँ कउनो दोख होइ। मइँ उ
भेंट स खुस नाहीं होब। अगर भेंट एक ठु साँड़ अहइ, या
एक ठु भेड़ी अहइ, या एक बोकरा अहइ तउ उ नर होइ
चाही अउ एहमाँ कउनो दोख नाहीं होइ चाही।

21“कउनो मनई यहोवा क मेलबलि चढ़ाइ सकत ह। उ
मेलबलि उ व्यक्ति क जरिये दीन्ह गए बचन बरे होइ सकत
ह या इ कउनो खुद प्रेरित भेंट होइ सकत ह। इ बर्धा या
भेड़ी होइ सकत ह। मुला ओका तन्दुरुस्त अउ दोख रहित
होइ चाही। 22तोहका यहोवा क अइसा कउनो गोरु भेंट नाहीं
करइ चाही जउन आँधर होइ या जेकर हाड़ टूटा होइ, या
जउन लंगड़ा होइ, या जेकर घाव बहत होइ, या चरम रोग
वाला होइ। तोहका यहोवा बरे वेदी प कउनो बीमार गोरु क
भेंट नाहीं चढ़ावइ चाही।

23“कबहुँ कबहुँ कउनो बर्धा या मेमना क गोड़ बहोत
जियादा लम्बा होइ सकत हीं या अइसेन गोड़ होइ सकत हीं
जेनकर विकास ठीक स न भवा होइ। अगर कउनो मनई
अइसे गोरु क यहोवा क खास भेंट क रुप मँ चढ़ावत ह
तउ उ स्वीकार कीन्ह जाइ। मुला एका कउनो व्यक्ति क
जरिये दीन्ह गए बचन बरे स्वीकार नाहीं कीन्ह जाइ।

24“अगर कउनो गोरु क अण्ड कोस जख्मी, घाउवाला,
फाड़ा भवा या कटा भवा होइँ तउ तोहका उ गोरु क भेंट
यहोवा क नाहीं चढ़ावइ चाही। तोहका अइसा गोरुअन आपन
भुइँया पइ बलि नाहीं देइ चाही।

25“तोहका बिदेसियन स बलि बरे अइसे गोरुअन क नाहीं
लेइ चाही। काहेकि इ सबइ गोरु कउनो तरह चोट खाए
अहइँ। ओनमाँ कछू दोख अहइ। इ सबइ स्वीकार नाहीं
कीन्ह जइहीं!”

26यहोवा मूसा स कहेस, 27“जब कउनो बछवा, या भेड़ी,
या बोकरी जउन नवा पइदा होइ तउ आपन महतारी क संग
ओका सात दिन रहइ देइ चाही। तब अठएँ दिन अउ ओकरे
पाछे इ यहोवा क दीन्ह जाइवाली बलि क रुप मँ स्वीकार
कीन्ह जइहीं। 28मुला तोहका सबन्क उही दिन उ गोरु अउ
ओकरी बच्चन क नाहीं मारइ चाही। इहइ नेम गइया अउ
भेड़न बरे अहइ।

29“अगर तू पचन्क यहोवा बरे कउनो खास कृतग्यता
बलि चढ़ावइ क होइ तउ तू पचे उ भेंट क चढ़ावइ मँ
अजाद अहा। मुला इ इ तरह करा कि परमेस्सर क खुस
करा। 30तू पचन्क पूरा गोरु उहइ दिन खाइ लेइ चाही। तू
पचन्क अगले भिन्सारे बरे कछू भी गोस नाहीं छोड़इ चाही।
मइँ यहोवा अहउँ!

31“मोरे आदेसन क याद राखा अउ ओनकइ पालन करा।
मइँ यहोवा अहउँ। 32मोरे पवित्तर नाउँ क अपमान जिन करा।
मोका इस्राएल क लोगन बरे बहोत खास होइ चाही। मइँ,
यहोवा तू पचन्क आपन बिसेस लोग बनाएउँ ह। 33मइँ तू
पचन्क मिस्र स लाएउँ। मइँ तोहार परमेस्सर बनेउँ। मइँ
यहोवा अहउँ!”

खास पवित्तर दिन

23 यहोवा मूसा स कहेस, 2“इस्राएल क लोगन स
कहा: तू पचे यहोवा क निहचित पर्वन क पवित्तर
एलान करा। इ सबइ मोर पवित्तर दिन अहइँ:

सबित

3“छ: दिन काम करा। मुला सतवाँ दिन, आराम क एक
खास दिन या पवित्तर मिलन क दिन होइ। उ दिन तू पचन
क कउनो काम नाहीं करइ चाही। इ तोहरे सबहिं घरन मँ
यहोवा क सबित अहइ।

फसह त्यौहार

4“इ सबइ यहोवा क चुने भए पवित्तर दिन अहइँ। ओनके
बरे निहचित समइ पइ तू पचे पवित्तर सभा क घोसणा
करब्या। 5यहोवा क फ़सह त्यौहार पहिले महीना क चउदह
तारीख क साँझ बेला मँ अहइ।

अखमीरी रोटी क त्यौहार

6"उहइ महीना क पन्द्रह तारीख क बे खमीरी मैदा क
फुलकन क त्यौहार होइ। तू पचे सात दिना तलक बे खमीरी
मैदा क फुलकन खाब्या। 7इ त्यौहार क पहिले दिन तू पचे
एक पवित्तर सभा करब्या। उ दिन तोहका कउनो काम नाहीं
करइ चाही। 8सात दिन तलक तू पचे यहोवा बरे भेंट
चढ़उब्या। सतएँ दिन एक पवित्तर सभा होइ। उ दिन तू पचन
क कउनो काम नाहीं करइ चाही।"

पहिली फसल क त्यौहार

9यहोवा मूसा स कहेस, 10"इस्राएल क लोगन स कहा:
तू पचे उ धरती पइ जाब्या जेका मइँ तोहका देब। तू पचे उ
समइ ओकर फसल कटब्या। उ समइ तू पचन क आपन
फसल क पहिली पूली याजक क लगे लइ आवइ चाही।
11याजक पूली क यहोवा क समन्वा लहराइ। तब उ तोहरे
पचन्क बरे स्वीकार कइ लीन्ह जाइ। याजक पूली क रविवार
क भिन्सारे लहराइ।

12"जउने दिन तू पचे पूली क लहरउब्या, उ दिन तू पचे
एक बरिस क एक ठु नर भेड़ी क बच्चा बलि चढ़उब्या। उ
भेड़ी क बच्चा मँ कउनो दोख नाहीं होइ चाही। इ भेड़ी क
बच्चा यहोवा क होमबलि होइ। 13तू पचन क एपा क दुइ
दसवाँ हींसा जइतून क तेल स सना आटा क अन्नबलि देइ
चाही। तू पचन क हीन क चौथाई हींसा दाखरस भी देइ
चाही। इ भेंट यहोवा क खुस करइवाली सुगन्धि होइ। 14जब
तलक तू पचे आपन परमेस्सर क भेंट नहीं चढ़उत्या, तब
तलक तू पचे कउनो नवा अनाज, या फल या नवा अनाज स
बनी भइ रोटी नाहीं खाइ चाही। इ नेम तू पचे जहाँ भी
रहब्या, तोहरी पीढ़ी दर पीढ़ी चलत रही।

हफ्तन क त्यौहार

15"उ रविवार क भिन्सोर स ही उ दिन जब तू पचे पूली
उत्तोलन बलि बरे लिआवत ह, सात हफ्ता गिना। 16सतएँ
हफ्ता क पाछे रविवार क (अर्थात पचास दिन क पाछे) तू
पचे यहोवा बरे नवा अन्नबलि लउब्या। 17उ दिन तू पचे
आपन निवास स्थान स दुइ-दुइ रोटी लिआवा। इ सबइ
उत्तोलन भेंट होइ। खमीर क प्रयोग करा अउ चार क्वार्ट
आटा क रोटी बनावा। उ तोहरी पहली फसल स यहोवा क
भेंट होइ।

18"लोगन स अन्नबलि क साथ मँ एक ठु बछवा, दुइ
भेड़ा अउर एक-एक बरिस क सात नर मेमना भेंट कीन्ह
जइहीं। इ गोरुअन मँ कउनो दोख नाहीं होइ चाही। इ सबइ
भेंट क रूप मँ यहोवा क खुस करइ बरे सुगन्धित होमबलि
होइहीं। 19तू पचे भी पापबलि क रुप मँ एक ठु नर बोकरा
अउ एक बरिस क दुइ भेड़ी क बच्चन मेलबलि क रुप मँ
चढ़उब्या।

20"याजक यहोवा क समन्वा उत्तोलन बलि क रूप मँ दुइ
भेड़ी क बच्चन क पहिली फसल क रोटी क संग
लहरउब्या। उ सबइ यहोवा बरे पवित्तर अहइँ। इ सबइ
याजक क होइहीं। 21उहइ दिन, तू पचे एक ठु पवित्तर सभा
बोलउब्या। तू पचे कउनो काम नाहीं करब्या। इ नेम तोहरे
सबहिं घरन मँ हमेसा ही चली।

22"जब तू पचे आपन खेतन क फसल कटब्या तउ खेतन
क कोनन सारी फसल जिन काट्या। जउन अन्न भुइँया पइ
गिरइ, ओका जिन उठावा। ओका तू पचे गरीब लोगन क
अउ तोहरे सबन्क देस मँ जात्रा करइवाले बिदेसियन बरे छोड़
द्या। मइँ यहोवा तोहार परमेस्सर अहउँ।"

तुरहियन क त्यौहार

23यहोवा मूसा स फिन कहेस, 24"इस्राएल क लोगन स
कहा: सतएँ महीना क पहिले दिन तोहका पचन्क आराम क
खास दिन मानइ चाही। उ दिन एक पवित्तर सभा होइ। इ
दिना (यहोवा क) याद रखइ अउर तुरही क बजावइ बरे
अहइ। 25तोहका कउनो काम नाहीं करइ चाही। तू पचे
यहोवा क भेंट चढ़ावइ बरे बलि ले अउब्या।"

प्रायस्चित क दिन

26यहोवा मूसा स कहेस, 27"सतएँ महीना क दसवें दिन
प्रायस्चित क दिन* होइ। उ दिन क पवित्तर सभा होइ। तू
पचे भोजन नाहीं करब्या । अउर तू पचे यहोवा क भेंट
चढ़उब्या। 28तू पचे ओह दिन कउनो काम नाहीं करब्या।
काहेकि इ प्रायस्चित क दिन अहइ। उ दिन याजकन यहोवा
क समन्वा जाइ अउ उ तोहार बरे प्रायस्चित करइहीं।

29"अगर कउनो मनई उपवास करइ स मना करत ह तउ
ओका आपन लोगन स अलगाइ दीन्ह जाइ। 30अगर कउनो
मनई उ दिन काम करी तउ मइँ ओका ओकरे लोगन मँ स
बारबाद करइ देब। 31तोहका कउनो भी काम नाहीं करइ
चाही। इ नेम तू पचे जहाँ कहूँ भी रहब्या, सदा ही रही। 32इ
तोहरे सबन्क आराम क खास दिन होइ। तू पचन क भोजन
नाहीं करइ चाही। तू पचे आराम क इ खास दिन क महीना
क नवाँ दिन साँझ* स सुरु करब्या। इ आराम क खास दिन
उ साँझ स सुरु कइके अगली साँझ तलक रहत ह।"

कटीर क त्यौहार

33यहोवा मूसा स फुन कहेस, 34"इस्राएल क लोगन स
कहा: सतएँ महीना क पन्द्रहवें दिन कटीर क त्यौहार होइ।
यहोवा बरे इ पवित्तर त्यौहार सात दिन तक चली। 35पहिले
दिन एक धरम सभा होइ। तू पचन्क तब कउनो काम नाहीं
करइ चाही। 36तू पचे सात दिना तलक यहोवा बरे भेंट
चढ़उब्या। अठएँ दिन तू पचे दूसर धरम सभा करब्या। तू पचे
यहोवा क भेंट चढ़उब्या। इ एक भेंट सभा होइ। तू पचन्क
तब कउनो काम नाहीं करइ चाही।

प्रायस्चित क दिन ऍंका "युम कुप्पुर" भी कहा गवा बाटइ। इ यहूदियन क एक बहोत महत्व क पवित्तर दिन अहइ। इ दिन महा याजक परमपवित्तर ठउर मँ जात रहा अउ ओन कामे क करत रहा जेहसे लोगन क पापन क प्रायस्चित होत रहा।

नवाँ दिन साँझ यहूदी लोगन क दिन क आरम्भ साँझ स होत रहा।

37“इ सबइ यहोवा क खास पवित्तर दिन अहइँ। ओन दिन
पवित्तर सभा होइ। तू पचे यहोवा क होम बलि, अन्नबलि,
जनावरन क बलि पेयबलि भेंट क रूप मँ चढ़उब्या। तू पचे
उ सबइ भेंटन क ठीक समइ पइ लइ अउब्या। 38तू पचे
यहोवा क सबित दिनन क सुमिरइ क अलावा ओन पवित्तर
दिनन क त्यौहार मनउब्या। तू पचे ओन बलियन क यहोवा
क आपन अन्नबलि क अलावा देब्या। तू पचे बिसेस दीन्ह
गए बचन क पूरा करइ क रुप मँ दीन्ह गइ कउनो भेंट क
अलावा ओन चिजियन क देब्या। उ सबइ ओन बिसेस भेंटन
क अलावा होइहीं जेनका तू पचे यहोवा क देइ चाहत अहा।
39“सतएँ महीना क पन्द्रहवें दिन, जब तू पचे आपन खेतन
स फसल लिआइ चुकब्या, सात दिन तलक यहोवा क
त्यौहार मनउब्या। पहिले अउ अठएँ दिन भी आराम क खास
दिन होइ चाही। 40पहिले दिन तू पचे फलदार पेड़न स नीक
फल लिअउब्या अउ तू पचे खजूर क बृच्छ क डारी, चीड़
अउ बेंते क बृच्छन स डारि लिअउब्या। तू पचे आपन
परमेस्सर यहोवा क समन्वा सात दिना तलक त्यौहार मनउब्या।
41तू पचे इ पवित्तर दिन क हर साल यहोवा बरे सात दिना
तलक मनउब्या। इ नेम सदा ही रही। तू पचे इ पवित्तर दिन
क सतएँ महीना मँ मनउब्या। 42तू पचे सात दिना तलक
अस्थायी आस्रयन मँ रहब्या। इस्राएल मँ पइदा भए सबहिं
लोग ओन आस्रयन मँ रइहीं। 43काहे? एहसे तोहरे सब
बंसज इ जनिहीं कि मइँ इस्राएल क लोगन क अस्थायी
आस्रयन मँ रहइवाला ओह समइ बनाएउँ जउने समइ मइँ
ओनका मिस्र स लिआएउँ। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा
अहउँ।”

44इ तरह मूसा इस्राएल क लोगन क यहोवा क खास
पवित्तर दिनन क बारे मँ बताएस।

डीबट अउ पवित्तर रोटी

24 यहोवा मूसा स कहेस, 2“इस्राएल क लोगन क
कुचला भवा जइतून स जइतून क तेल अपने लगे
लिआवइ क आदेस द्या। उ तेल दीपकन बरे अहइँ। इ
सबइ दीपक बेबुझे भए लगातार बरत रहइ चाही। 3हारून
यहोवा क मिलापवाला तम्बू मँ करार क सन्दूख क पर्दा क
आगे साँझ बेला स भिन्सारे तलक दीपकन क बारे राखी। इ
नेम सदा बरे अहइ।

4“हारून क सोना क डीबट पइ यहोवा क समन्वा
दीपकन क सदा बरत भवा रखइ चाही।

5“नीक महीन आटा ल्या अउ ओकर बारह रोटी बनावा।
हर एक रोटी बरे एपा क दुइ दसवाँ हींसा आटा क प्रयोग
करा। 6ओनका दुइ लाइन मँ सुनहरी मेजे पइ यहोवा क
समन्वा धरा। हर एक लाइन मँ छ: रोटी होइहीं। 7हर एक
लाइन पइ सुद्ध लोहबान धरा। इ यहोवा बरे भेंट, भोजन क
स्मृति हींसा होइ। 8हर एक सबित दिवस क उ रोटियन क
यहोवा क समन्वा एक करार क रूप मँ क्रम मँ इस्राएल क
लोगन क संग हमेसा बरे राखि। 9उ रोटी हारून अउ
ओकरे पूतन क होइ। उ पचे रोटियन क पवित्तर ठउर मँ
खइहीं। काहेकि उ रोटी यहोवा क चढ़ाई गइ भेंटन मँ स
एक अहइ। उ रोटी सदा हारून का हींसा होइ।”

उ मनई जउन यहोवा क सराप दिहेस

10एक इस्राएली स्त्री क पूत रहा। ओकर बाप मिस्री रहा।
इस्राएली स्त्री क इ पूत इस्राएली रहा। उ इस्राएली लोगन
क बीच मँ घूमत रहा अउ उ डेरा मँ लड़ब सुरु किहस।
11इस्राएली मेहरारु क लरिका यहोवा क नाउँ क सरापेस ह।
एह बरे लोग उ लरिका क मूसा क समन्वा लिआएन।
(लरिका क महतारी क नाउँ सलोमीत रहा जउन दान क
परिवार समूह स दिब्री क बिटिया रही।) 12लोग लरिका क
कैदी क तरह धरे रहेन अउ तब तलक जोहत रहेन, जब
तलक यहोवा क हुकुम ओनका साफ़ तरीका स मालूम नाहीं
होइ गवा।

13तब यहोवा मूसा स कहेस, 14“उ मनई क डेरा स बाहेर
एक ठउरे पइ लिआवा, जउन सराप दिहस ह। तब ओन
सबहिं लोगन क एक संग बोलावा जउन ओका सराप देत
सुनेन ह। उ पचे लोग आपन हाथ ओकरे मूँड़े प धरिहीं।*
अउर तब सब लोग ओह पइ पाथर स मरिहीं अउ ओका
मार डइहीं। 15तोहका पचन्क इस्राएल क लोगन स कहइ
चाही: अगर कउनो मनई आपन परमेस्सर क सरापत ह तउ
उ मनई क सजा मिलइ चाही। 16कउनो मनई, जउन यहोवा
क नाउँ क सरापत ह, जरुर मार दीन्ह जाइ चाही। सब
लोगन क ओका पाथर स मारइ चाही। बिदेसी क वइसे भी
ही सजा मिलइ चाही जइसे इस्राएल मँ जन्म लेइवाला मनई
क मिलत ह। अगर कउनो मनई यहोवा क नाउँ क सरापत
ह तउ ओका जरुर मार देइ चाही।

17“अउर अगर कउनो मनई कउनो दूसर क मार डावत
ह तउ ओका जरुर मार डावइ चाही। 18अगर कउनो मनई
कउनो मनई क गोरु क मार डावत ह तउ ओकरे बदले मँ
ओका दूसर गोरु देइ चाही।*

19“अगर कउनो मनई अपने पड़ोस मँ कउनो क चोट
पहुँचावत ह तउ उ मनई क उहइ तरह क चोट उ मनई क
पहुँचावइ चाही।* 20एक टूटी हड्डी बरे एक टूटी हड्डी,
एक आँखी बरे एक ठु आँखी, अउर एक दाँत बरे एक ठु
दाँत। उहइ तरह क चोट उ मनई क पहुँचावइ चाही, जइसा
उ दूसर क पहुँचाएस ह। 21एह बरे जउन मनई कउनो दूसर
मनई क गोरु क मारइ तउ एकरे बदले मँ ओका दूसर गोरु
देइ चाही। मुला जउन मनई कउनो दूसर मनई क मार डावत
ह उ जरुर मार डावा जाइ चाही।

22“इहइ नेम तू सबइ लोगन बरे लागू होइ: इ तोहार
बीच मँ रहइवालन बिदेसी अउ तोहरे आपन देसबासियन बरे
समान होइ। काहेकि मइँ तोहर परमेस्सर अहउँ!”

23तब मूसा इस्राएल क लोगन स बात किहस अउर उ
पचे उ मनई क डेरा क बाहेर एक ठउर पर लिआएन, जउन
सराप दिहे रहा। तब उ पचे ओका पाथर स मार डाएन। इ

हाथ ओकरे मूँड़े प धरिहीं एहसे पता चलत ह कि उ पचे सब लोग लरिका क सजा देइ मँ हाथ बटावत रहेन।

दूसर गोरु देइ चाही सब्द क अरथ एकरे बरे भुगतान करा “जीवन बरे जीवन।”

अगर ... चाही इ नेम समाज बरे अपराधन क निहचित करइ बरे एक दिसा निर्देस अहइ। निजी तरीका स बदला लेइ क बजाय अपराध क मुताबिक सजा समाज क निहचित करब अहइ।

तरह इस्राएल क लोग उहइ किहन जउन यहोवा मूसा क हुकुम दिहे रहा।

भुइयाँ बरे आराम क समइ

25 यहोवा मूसा स सिनाई पहाड़े प कहेस। यहोवा कहेस, 2"इस्राएल क लोगन स कहा: तू लोग उ भुइँया प जाब्या जेका मइँ तू पचन्क देत अहउँ। उ समइ तू पचन्क भुइँया क आराम क समइ जरूर देइ चाही। इ यहोवा क सम्मान देइ बरे भुइँया क आराम क खास समइ होइ। 3तू पचे छ: बरिस तलक आपने खेतन मँ बिआ बोउब्या। तू पचे आपन अंगूर क बागन मँ छ: बरिस तलक कटनी करब्या अउ ओकर फल स खूब आनन्द लेउब्या। 4मुला सतएँ बरिस तू पचे उ भुइँया क आराम करइ देब्या। इ यहोवा क सम्मान देइ बरे आराम क खास समइ होइ। तोहका पचन्क आपन खेतन मँ बिआ नाहीं बोवइ चाही अउ अंगूर क बागन मँ बेलन क कटनी नाहीं करइ चाही। 5तू पचन्क ओन फसलन क कटनी नाहीं करइ चाही जउन फसल कटइ क पाछे अपने आप उगत ह। तू पचन्क आपन ओन अंगूर क बेलन स अंगूर नाहीं उतारइ चाही जेनकइ तू पचे कटनी नाहीं किहे अहा। इ भुइँया क आराम क खास समइ होइ।

6"इ (जउन चीज सतएँ बरिस मँ अपने आप उगत ह) तोहरे बरे भोजन होइ। तोहार मनसेधू अउ मेहरारू दास लोगन बरे मजदूरी प रखा गएन तोहरे मजदूर अउ तोहरे देस मँ रहइवाले बिदेसियन बरे प्रयाप्त भोजन होइ। भोजन रही। 7तोहरे गोरुअन अउ दूसर जनावरन क खाइ बरे ढेर चारा होइ।

जुबली मुक्ति बरिस

8"तू पचे सात बरिस तलक सात समूहन क गनब्या। इ सबइ उन्नचास बरिस होइहीं। इ समइ क भितरे भुइँया बरे सात बरिस आराम क होइहीं। 9प्रायस्चित क दिन तू सबन्क भेड़ा क सींग बजावइ चाही। उ सतएँ महीना क दसवाँ दिन होइ। तू सबन्क पूरा देस मँ भेड़ा क सींग बजावइ चाही। 10तू पचे पचासवें बरिस क बिसेस त्यौहार मनउब्या। तू पचे आपन देस मँ रहइवाले सबहिं लोगन क स्वतंत्र घोषित करब्या। इ समइ क "जुबली" कहा जाइ। तू पचन मँ स हर एक आपन भुइँया मँ लउटि जाइ। अउर तू पचन मँ स हर एक आपन परिवार मँ लउटि जाइ। 11पचासवाँ बरिस तोहरे पचन्क बरे खास उत्सव क बरिस होइ। उ बरिस तू पचे बिआ जिन बोआ। अपने आप उगी भइ फसल क जिन काटा। अंगूरे क ओन बेलन स अंगूर जिन ल्या। 12उ जुबली बरिस अहइ। इ तोहरे पचन बरे पवित्तर बरिस होइ। तू पचे उ पैदावार क खाब्या जउन तोहरे खेतन स आवति अहइ। 13जुबली बरिस मँ हर एक मनई क ओकर धरती वापस होइ जाइ।

14"दूसर मनई क आपन भुइँया बेंचइ या खरीदइ मँ जिन ठगा। 15अगर तू पचे कउनो क भुइँया बेसहइ चाह्या तउ पिछले जुबली स काल क गिना करा अउ उ गणना क प्रयोग धरती क ठीक दाम तय करइ बरे करा। अगर तू पचे भुइँया क बेंचत ह, तउ फसलन क कटनी क सबइ बरिस क गना अउ बरिसन क गणना क उपयोग ठीक दाम तय करे बरे करा। 16अगर जियादा बरिस अहइँ तउ दाम ऊँच होइ। अगर थोड़ा बरिस अहइँ तउ दाम कमती करा। काहेकि उ मनई तू पचन्क सचमुच कुछ बरिस क फसल बेंचत अहइ। अगली जुबली पइ भुइँया ओकरे परिवार क होइ जाइ। 17तू सबन्क एक दूसर क ठगइ नाहीं चाही। तू सबन्क आपन परमेस्सर क सम्मान करइ चाही। मइँ यहोवा तोहार परमेस्सर अहउँ।

18"मोरे नेमन अउ निर्णयन क सुमिरा। ओनकइ पालन करा। तबहिं तू पचे अपने देस मँ सुरच्छित रहब्या। 19भुइँया तोहरे बरे उत्तिम फसल पइदा करी। तब तोहरे लगे बहोत जियादा भोजन होइ अउर तू पचे आपन देस मँ सुरच्छित रहब्या।

20"मुला साइद तू पचे इ कहा, 'अगर हम बिआ न बोई या आपन फसल न बटोरी तउ सतएँ बरिस हम लोगन बरे कछु खाइ क तनिकउ भी न रही।' 21चिन्ता जिन करा। मइँ छठवें बरिस मँ आपन आसीस क तोहरे सबन्क लगे आवइ क हुकुम देब। भुइयाँ तीन बरिस तलक फसल पइदा करत रही। 22जब अठएँ बरिस तू पचे बोउब्या तब तलक फसल पइदा करत रही। तू पचे पुरान पैदावार क नवएँ बरिस तलक खात रहब्या जब अठएँ बरिस मँ बोइ भइ फसल घरन मँ आइ जाइ।

सम्पत्ति क नेम

23"असल मँ भुइँया मोरि अहइ। एह बरे तू पचे एँका स्थायी रुप मँ नाहीं बेंच सकत्या। तू पचे मोरे संग मोर भुइँया पइ सिरिफ बिदेसी अउ निवासी क रुप मँ रहत बाट्या। 24कउनो मनई आपन भुइँया बेंच सकत ह, मुला ओकर परिवार हमेसा ही आपन भुइँया वापस पाइ। 25कउनो मनई तोहरे देस मँ बहोत गरीब होइ सकत ह। उ एँतना गरीब होइ सकता ह कि ओका आपन सम्पत्ति बेंचइ क पड़इ। अइसी हालत मँ ओकरे निचके क रिस्तेदारन क आगे आवइ चाही अउ आपन रिस्तेदार बरे उ उ सम्पत्ति वापस बेसहइ चाही। 26कउनो मनई क कउनो अइसा नजदीकी रिस्तेदार नाहीं। भी होइ सकत ह जउन ओकरे बरे सम्पत्ति वापस खरीदइ। मुला होइ सकत ह उ खुद भुइँया क वापस बेसहइ बरे ढेर क धन पाइ लेइ। 27तउ ओका जब स भुइँया बिकी रही तब स बरिसन क गनइ चाही। ओका उ गणना क उपयोग, भुइँया क दाम निहचित करइ बरे करइ चाही। तब ओका भुइँया क वापस बेसहइ चाही। तब भुइँया फुन ओकर होइ जाइ। 28मुला अगर उ मनई आपन बरे भुइँया क वापस बेसहइ बरे ढेर क धन नाहीं जुटाइ पावत तउ जउन कछू उ बेंचेस ह उ उ मनई क हाथे मँ जउन ओका बेसहेस ह, जुबली क त्यौहार क आवइ तलक रही। तब उ खास उत्सव क समइ भुइँया पहिले भू स्वामी क परिवार क होइ जाइ। इ तरह सम्पत्ति फुन मूल आधिकारी परिवार क ही होइ जाइ।

29"अगर कउनो मनई नगर परकोटा क भीतर आपन बेंचत ह तउ घरे क बेंचा जाइ क पाछे एक बरिस तलक ओका वापस लेइ क अधिकार होइ। घर क वापस लेइ क

ओकर अधिकार एक बरिस तलक रही। 30मुला अगर घरे
क मालिक एक पूरा बरिस बीत जाइ क पहिले आपन घर
वापस नाहीं बेसहत तउ नगर परकोटा क भीतर क घर जउन
मनई बेसहत ह ओकर अउ ओकरे बसजन क होइ जात ह।
जुबली क समइ पहिल गृह स्वामी क वापस नाहीं होइ।
31बगैर परकोटा वाला नगर खुला मैदान माना जइहीं। एह
बरे ओन छोटे नगरन मँ बने भए घर जुबली क त्यौहार क
समइ पहिले गृह स्वामी क वापस होइहीं।

32"मुला लेवियन क नगर क बारे मँः जउर सहरन
लेवियन क आपन अहइँ, ओनमाँ उ सबइ आपन घरन क
कउनो भी समइ वापस खरीद सकत हीं। 33अगर कउनो
मनई लेवी स कउनो घर खरीदइ तउ लेवियन क उ घर
फुन जुबली क अवसर मँ लउटइ जाइ। काहेकि उ घर उ
लेवियन क अउ ओकरे परिवारे क अहइ जउन इस्राएली
लोगन क बीच रहत ह। 34लेवी नगरन क चारिहुँ कइँती क
खेत अउर चरागाह बेंचा नाहीं जाइ सकतेन। उ सबइ खेत
सदा लेवियन क अहइँ।

दासन क सुआमियन क नेम

35"साइद तोहरे देस क मनई एँतना गरीब होइ जाइ कि
आपन भरण पोषण न कइ सकइ। तू पचे ओका कउनो
दूसर नागरिक या बिदेसी निवासी क तरह तोहारे संग जरूर
रहइ देइ चाही। 36ओका दीन्ह गए आपन कर्जा पइ कउनो
सूद जिन ल्या। आपन परमेस्सर क सम्मान करा अउ आपन
भाई क अपने साथे रहइ द्या। 37ओका सूद पइ पइसा उधार
जिन द्या। जउन भोजन उ करइ, ओह पइ कउनो फायदा
लेइ क कोसिस जिन करा। 38मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा
अहउँ। मइँ तू पचन्क मिस्र देस स कनान प्रदेस देइ अउ
तोहार परमेस्सर बनइ बरे बाहेर लाएउँ।

39"इ होइ सकत ह कि तोहार कउनो भाई एँतना गरीब
होइ जाइ कि उ दास क रुप मँ तू पचन्क अपने क बेंच
देइ। तोहका ओसे दास क तरह काम नाहीं लेइ चाही। 40उ
जुबली बरिस तलक मजदूर अउ एक अतिथि क तरह तोहरे
संग रही। 41तब उ तू सबन्क छोड़ सकत ह। उ आपन
बच्चन क अपने संग लइ जाइ सकत ह अउ आपन परिवार
मँ लउट सकत ह। उ आपन पुरखन क सम्पत्ति क लउटाइ
सकत ह। 42काहेकि उ पचे मोर सेवक अहइँ। मइँ ओनका
मिस्र क गुलामी स अजाद किहेउँ ह। ओनका फुन स दास
नाहीं होइ चाही। 43तोहका सबन्क अइसे लोगन पइ क्रूर
होइके सासन नाहीं करइ चाही। तोहका पचन्क अपने
परमेस्सर क सम्मान जरूर करइ चाही।

44"तोहरे दास दासियन क बारे मँः तू पचे आपन चारिहुँ
कइँती क रास्ट्रन स दास अउ दासियन क लइ सकत ह।
45अगर तोहरे देस मँ रहइवाले बिदेसियन क परिवारन क
बच्चन तोहरे लगे आवत हीं तउ तू पचे ओनका भी दास
रख सकत ह। उ सबइ बच्चन तोहार दास होइहीं। 46तू सबइ
इ बिदेसी दासन क आपन बच्चन क भी दइ सकत ह जउन
तोहरे मरइ क पाछे तोहरे बच्चन क होइहीं। उ पचे सदा
तोहार दास रइहीं। तू पचे इ बिदेसियन क गुलाम बनाइ
सकत ह। मुला तू पचन्क आपन भाइयन, इस्राएल क लोगन
पइ क्रूर होइके सासन नाहीं करइ चाही।

47"होइ सकत ह कि कउनो बिदेसी या अस्थाई निवासी
तोहरे बीच धनी होइ जाइ। सम्भव अहइ कि तोहरे देस क
कउनो मनई एँतना गरीब होइ जाइ कि उ आपन क तोहरे
बीच रहइवाले धनी बिदेसी क हाथ या बिदेसी परिवार क
कउनो सदस्य क हाथ दास क रूप मँ बेंचइ। 48उ मनई
वापस खरीदा जाइ अउ अजाद होइ क अधिकारी होइ।
ओकरे भाइयन मँ स कउनो भी ओका वापस बेसहि सकत
ह 49या ओकर चाचा, मामा व चचेरा, ममेरा भाई ओका
वापस बेसहि सकत हीं या ओकरे निचके क रिस्तेदारन मँ स
ओका कउनो खरीद सकत ह या अगर मनई ढेर क धन
पावत ह तउ खुद धन दइके उ फुन अजाद होइ सकत ह।

50"तू पचे ओकर दाम कइसे निहचित करब्या? तू पचे
बिदेसी क लगे जब स उ अपने क बेंचेस ह तब स अगली
जुबली तलक क बरिसन क गनब्या, उ आपन क जुबली
क बरिस तलक बेचेस ह। उ गणना क उपयोग दाम तय
करइ मँ प्रयोग करा। काहेकि असल मँ उ मनई कछू
बरिसन बरे ओका मजदूरी पइ राखेस। 51अगर जुबली क
बरिस क पहिले कइउ बरिस होइ जाइँ तउ मनई क दाम क
बड़का हींसा लउटावइ चाही। इ ओन बरिसन क गनती पइ
टिका बाटइ। 52अगर जुबली क बरिस तलक कछू ही
बरिस बाकी होइँ तउ मनई मूल कीमत क थोड़ा सा हींसा
लउटावइ चाही। 53मुला उ मनई हर बरिस बिदेसी क हिआँ
मजदूर क तरह रही, बिदेसी क उ मनई पइ क्रूर होइके
सासन न करइ द्या।

54"उ मनई कउनो क जरिये वापस न बेसहा जाइ पइ भी
अजाद होइ। जुबली क बरिस उ अउ ओकरे बच्चन अजाद
होइ जइहीं। 55काहेकि इस्राएल क लोग मोर सेवक अहइँ।
उ पचे मोर सेवक अहइँ जउन क मइँ मिस्र क गुलमी स
अजाद किहेउँ। मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ।

परमेस्सर क आग्या मानइ क पुरस्कार

26 "अपने बरे मूर्तियन जिन बनावा। मूर्तियन या यादगार
क पाथर क स्थापना जिन करा। आपन देस मँ
उपासना करइ बरे पाथर क मूर्तियन क स्थापना जिन करा।
काहेकि मइँ यहोवा तोहार परमेस्सर अहउँ।

2"मोरे आराम क खास दिनन क याद रखा अउ मोरे
पवित्तर स्थान क सम्मान करा। मइँ यहोवा अहउँ!

3"मोर नेमन अउ आदेसन क याद राखा अउ ओनकर
पालन करा। 4अगर तू पचे अइसा करब्या तउ मइँ जउने
समइ बर्खा आवइ चाही, उहइ समइया मँ बर्खा कराउब।
भुइँया फसलन क पइदा करिहीं अउर बृच्छ आपन फल
देइहीं। 5तोहार अनाज निकारइ क काम तब तलक चली जब
तलक अंगूर एकट्ठा करइ क समइ आइ अउ अंगूरे क
बटोरब तब तलक चली जब तलक बोवाइ क समइ आइ
जाइ। तब तोहरे लगे खाइ क बहोत होइ, अउर तू पचे
आपन पहँटा मँ सुरच्छित रहब्या। 6मइँ तोहरे देस क सान्ति
देब। तू पचे सान्ति स सोइ सकब्या। कउनो मनई डरवावइ

नाहीं आइ। मइँ बिनास करइवाले जनावरन क तोहरे देस स
बाहेर रखब। अउर फउज भी तोहरे देस स न गुजरिहीं।
7"तू पचे आपन दुस्मनन क पाछा कइके भगाउब्या अउर
ओनका हरउब्या। तू पचे ओनका आपन तरवार स मारि
डउब्या। 8तोहरे पाँच मनई सौ मनईयन क पाछा कइके भगाइ
देइहीं अउर सौ मनई दस हजार मनईयन क पाछा कइके
भगाइ देइहीं। तू पचे आपन दुस्मनन क हरउब्या अउ
ओनका तरवारे स मार डउब्या।
9"तब मइँ तोहरी कइँती मुड़बउँ। मइँ तू पचन्क बहोत स
बच्चावाला बनउबउँ। मइँ तोहरे संग आपन वाचा क पालन
करबउँ। 10तोहरे लगे एक बरिस स जियादा चलइवाली ढेर
क पइदावार होइ। तू पचे नई फसल कटब्या। मुला तब
तोहका पुरान पइदावार नई पइदावार बरे जगह बनवइ खातिर
फेंक देइ क पड़ी। 11तू पचन क बीच मँ मइँ आपन पवित्तर
तम्बू लगाउब। मइँ तू लोगन क नाहीं तजिबय। 12मइँ तोहरे
संग चलब अउर तोहार परमेस्सर रहब। तू पचे मोर आपन
लोग रहब्या। 13मइँ तोहार परमेस्सर यहोवा अहउँ। तू पचे
मिस्र मँ दास रह्या। मुला मइँ तू पचन्क बाहेर लिआएउँ। तू
लोग दास क रुप मँ भारी बोझा ढोवइ स निहुरा भए रह्या
मुला मइँ तोहरे काँधि क जुए क तोड़ फेंकेउँ। मइँ तू पचन्क
फुन गरब स चलइवाला बनाएँउ।

यहोवा क आग्या पालन न करइ बरे सजा

14"मुला अगर तू मोर आग्या क पालन नाहीं करब्या
अउर मोर इ सबइ आदेस क नाहीं मनब्या तउ इ सबइ बुरी
बात होइहीं। 15अगर तू मोर नेम अउ आदेसन क रद्द
करब्या अउर ओनका पालन करइ मँ फेल होब्या। तउ तू
पचे मोर करार क भंग कइ देब। 16अगर तू पचे अइसा
करत अहा तउ मइँ अइसा करबउँ कि तोहार सबन्क भयंकर
अनिस्ट होइ। मइँ तू पचन्क लाइलाज रोग अउ तेज बोखार
लगाउब। उ सबइ तोहरी अँखियन क नस्ट करिहीं अउ
तोहार जिन्नगी लइ लेइहीं। जब तू पचे आपन बिआ बोउब्या
तउ तू पचन्क कामयाबी न मिली। तोहार पइदावार क तोहार
दुस्मन लोग खइहीं। 17मइँ तोहरे खिलाफ होब, तोहार दुस्मन
तोहका हरइहीं। उ सबइ दुस्मन तोहसे घिना करिहीं अउ
तोहरे ऊपर सासन करिहीं। तू पचे तब भी पराइ जाब्या, जब
तोहार पाछा कउनो न करत रहा होइ।
18"अगर एँकरे पाछे भी तू पचे मोर आग्या क नाहीं
मानत अहा तउ मइँ तोहरे पापन बरे सात गुना जियादा सजा
देब। 19मइँ ओन बड़के सहरन क भी नस्ट करब जउन
तोहका घमण्डी बनावत हीं। आकास बर्खा न देइ अउ धरती
पइदावार नाहीं उपजाइ।* 20तू पचे कठिन परिस्रम करब्या,
मुला एहसे कछू भी न होइ। तोहरी भुइँया मँ कउनो पइदावार
न होइ अउर तोहरे बृच्छन प फल नाहीं अइहीं।
21"अगर तब भी तू पचे मोरे खिलाफ जात ह्या अउर
मोरी आग्या क मानब स्वीकार नाहीं करत ह्या तउ मइँ सात
गुना कठोर होइके मारब। जेतँना जियादा पाप करब्या ओतना
जियादा सजा पउब्या। 22मइँ तोहरे सबन्क खिलाफ जंगली
जनावर पठउब। उ सबइ तोहरे गदेलन क तोहसे छोर लइ
जइहीं। उ पचे तोहरे गोरुअन क नास कइ देइहीं। उ पचे
तोहार मनइयन क गनती बहोत कम कइ देइहीं। लोग जात्रा
